सहस्रवेधि जतुकं बाह्लीकं हिंगु रामठम् ।

हींगके नाम ५–सहस्रवेधिन् १ जतुक २ बाह्लीक ३ हिंगु ४ रामठ ५ ॥

तत्पत्री कारवी पृथ्वी बाष्पिका कबरी पृथुः ॥ ४० ॥

हींगके वृक्षके पत्तेके नाम ५–कारवी १ पृथ्वी २ बाष्पिका ३ कबरी ४ पृथु ५ ॥ ४० ॥

निशाख्या काञ्चनी पीता हरिद्रा वरवर्णिनी ।

हलदीके नाम ५—निशा १ कांचनी २ पीता ३ हरिद्रा ४ वरवर्णिनी ५ ॥

सामुद्रं यत्तु लवणमक्षीवं वशिरं च तत् ॥ ४१ ॥

समुद्रक्षारके नाम २–अक्षीव १ वशिर २ ।४१।

सैन्धवोऽस्त्री शीतशिवं माणिमन्थश्च सिन्धुजे ।

सैंधव नमकके नाम ४–सैंधव १ शीतशिव २ माणिमन्थ ३ सिन्धुज ४ ॥

रौमकं वसुकं—

सांभरके नाम २–रौमक १ वसुक २ ॥

—पाक्य बिडं च कृतके द्वयम् ॥ ४२ ॥

खारीके नाम २–पाक्य १ विड २ ॥ ४२ ॥

सौवर्चलेऽक्षरुचके—

सचलखारके नाम ३—सौवर्चल १ अक्ष २ रुचक ३ ॥

—तिलकं तत्र मेचके ।

काले संचलखारके नाम २–तिलक १ मेचक २।

मत्स्यण्डी फाणितं खण्डविकारे

राबके नाम २–मत्स्यंडी १ फाणित २ ॥

—शर्करा सिता ॥ ४३ ॥

मिश्रीके नाम २–शर्करा १ सिता २ ॥ ४३ ॥

कूर्चिका क्षीरविकृतिः स्या—

मावेके नाम २–कूर्चिका १ क्षीरविकृति २ ॥

—द्रसाला तु मार्जिता ।

श्रीखण्डके नाम २–रसाला १ मार्जिता २ ॥

स्यात्तेमनं तु निष्ठानं-

कढ़ीके नाम २–तेमन १ निष्ठान २ ॥

—त्रिलिङ्गा वासितावधेः ॥ ४४ ॥

वासितपर्य्यन्त शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं।४४।

शूलाकृतं भटित्रं च शूल्य—

लोहशलाकासे पकाये हुए मांसके नाम ३—शूलाकृत १ भटित्र २ शूल्य ३ ॥

—मुख्यं तु पैठरम् ।

वटलोईमे पकाये हुए अन्नादिके नाम २—उख्य १ पैठर २ ॥

प्रणीतमुपसंपन्नं-

पकी हुई रसोईके नाम २-प्रणीत १ उपसम्पन्न२

—प्रयस्तं स्यात्सुसंस्कृतम् ॥ ४५ ॥

घृत तैलादिसे बनी हुई रसोईके नाम २-प्रयस्त १ सुसंस्कृत २ ॥ ४५ ॥

स्यात्पिच्छिलं तु विजिलं—

पनीले भोजनके नाम २-पिच्छिल १ विजिल२।

—संमृष्टं शोधितं समे।

बीने हुए अन्नके नाम २-सम्मृष्ट १ शोधित २।

चिक्कणं मसृणं स्निग्धं-

चिकनेके नाम ३-चिक्कण १ मसृण २ स्निग्ध ३ ॥

तुल्ये भावितवासिते ॥ ४६ ॥

छौंकी हुई वस्तुके नाम २-भावित १ वासित २ ॥ ४६ ॥

आपक्वं पौलिरभ्यूषो—

घृत आदिमें भुनी हुई वस्तुके नाम ३—आपक्व १ पौलि २ अभ्यूष ३ ॥

—लाजाः पुंभूम्नि चाक्षताः।

खीलोंका नाम १-लाज १ ॥

पृथुकः स्याच्चिपिटको—

परमलके नाम २-पृथुक १ चिपिटक २ ॥

-धाना भृष्टयवे स्त्रियः ॥ ४७ ॥

भुने हुए जौके नाम २-धाना १ भृष्टयव २ ॥ ४७ ॥

पूपोऽपूपः पिष्टकः स्यात्—

पुएके नाम ३-पूप १ अपूप २ पिष्टक ३ ॥

—करम्भो दधिसक्तवः।

दधियुक्त सत्तुओंके नाम २-करम्भ १ दधिसक्तु २ ॥

भिस्सा स्त्री भक्तमन्धोऽन्नमोदनोऽस्त्री स दीदिविः ॥ ४८ ॥

भातके नाम ६-भिस्सा १ भक्त २ अन्धस् ३ अन्न ४ ओदन ५ दीदिवि ६ ॥ ४८ ॥

भिस्सटा दग्धिका—

जले अन्नके नाम २-भिस्सटा १ दग्धिका २ ॥

-सर्वरसाग्रे मण्डमस्त्रियाम्।

मांड़का नाम १-मण्ड १ ॥

मासराचामनिस्रावा मण्डे भक्तसमुद्भवे ॥ ४९ ॥

केवल भातके मांडके नाम ३-मासरा १ आचाम २ निस्राव ३ ॥ ४९ ॥

यवागूरुष्णिका श्राणा विलेपी तरला च सा।

पतले भातके नाम ५-यवागू १ उष्णिका २ श्राणा ३ विलेपी ४ तरला ५ ॥

गव्यं त्रिषु गवां सर्वं—

गायसे उत्पन्न वस्तुका नाम १-गव्य १ ॥

—गोविड् गोमयमस्त्रियाम् ॥ ५० ॥

गौके गोबरके नाम २—गोविश् १ गोमय २ ॥ ५० ॥

तत्तु शुष्कं करीषोऽस्त्री-

सूखे हुए गोबरका नाम १-करीष १ ॥

—दुग्धं क्षीरं पयः समम्।

दूधके नाम ३-दुग्ध १ क्षीर २ पयस् ३ ॥

पयस्यमाज्यदध्यादि—

घृत दही आदिका नाम १-पयस्य १ ॥

द्रप्सं दधि घनेतरत् ॥ ५१ ॥

पतले दहीका नाम १-द्रप्स १ ॥ ५१ ॥

घृतमाज्यं हविः सर्पि—

घीके नाम ४-घृत १ आज्य २ हविष् ३ सर्पिष् ४ ॥

-नवनीतं नवोद्धृतम्।

मक्खनके नाम २- नवनीत १ नवोद्धृत

वत्तु हैयङ्गवीनं यद्ध्योगोदोहोद्भवं घृतम् ॥ ५२ ॥

नौनीघीका नाम १–हैयङ्गवीन १ ॥ ५२ ॥

दण्डाहतं कालशेयमरिष्टमपि गोरसः ।

मट्ठेके नाम ४–दण्डाहत १ कालशेय २ अरिष्ट ३ गोरस ४ ॥

तक्रं ह्युदश्विन्मथितं पादाम्ब्वर्धाम्बु निर्जलम् ॥ ५३ ॥

मट्ठेके भेद ३—तक्र १ उदश्वित २ मथित ३ ॥ ५३ ॥

मण्डं दधिभवं मस्तु—

दहीके पानीका नाम १–मस्तु १ ॥

—पीयूषोऽभिनवं पयः ।

खीसका नाम १–पीयूष १ ॥

अशनाया बुभुक्षा क्षुत्—

भूखके नाम ३—अशनाया १ बुभुक्षा २ क्षुध् ३।

ग्रासस्तु कवलः पुमान् ॥ ५४ ॥

ग्रासके नाम २-ग्रास १ कवल २ ॥ ५४ ॥

सपीतिः स्त्री तुल्यपानं—

साथ पीनेके नाम २–सपीति १ तुल्यपान २ ॥

सग्धिः स्त्री सहभोजनम् ।

एकसाथ भोजन करनेके नाम २–सग्धि १ सहभोजन २ ॥

उदन्या तु पिपासा तृट् तर्षो–

प्यासके नाम ४–उदन्या १ पिपासा २ तृष् ३ तर्ष ४ ॥

—जग्धिस्तु भो[illegible] ॥ ५[illegible] ॥
जेमनं लेह आहारो [illegible]

भोजनके नाम ७–ज[illegible] १ [illegible] २ ॥ ५[illegible] ॥ जेमन ३ लेह ४ आहार ५ [illegible] ६ [illegible] ७ ।

सौहित्यं तर्पणं तृप्तिः—

तृप्तिके नाम ३–सौहित्य १ तर्पण २ तृप्ति ३॥

—फेला भुक्तसमुज्झितम् ॥ ५६ ॥

भोजन करके त्यागी हुई वस्तुका नाम १–फेला १ ॥ ५६ ॥

कामं प्रकामं पर्याप्तं निकामेष्ट यथेप्सितम् ।

इच्छाके नाम ६–काम १ प्रकाम २ पर्याप्त ३ निकाम ४ इष्ट ५ यथेप्सित ६ ॥

गोपगोपालगोसंख्यगोधुगाभीरबल्लवाः ॥ ५७ ॥

अहीरके नाम ६–गोप १ गोपाल २ गोसंख्य ३ गोदुह् ४ आभीर ५ बल्लव ६ ॥ ५७ ॥

गोमहिष्यादिकं पादबन्धनं—

घरमें बांधने लायक गाय भैंस आदिका नाम १–पादबन्धन १ ॥

—द्वौ गवीश्वरे । गोमान्गोमी—

गायके मालिकके नाम ३–गवीश्वर १ गोमत् २ गोमिन् ३ ॥

गोकुलं तु गोधनं स्याद्गवां व्रजे ॥ ५८॥

गायोंके समूहके नाम २–गोकुल १ गोधन २ ॥ ५८ ॥

त्रिष्वाशितं गवीनं तद्गावो यत्राशिताः पुरा ।

जहां गैयाँ आदिको पहिले खिलाया गया हो उस स्थानका नाम १–आशितंगवीन १ ॥

उक्षा भद्रो बलीवर्द ऋषभो वृषभो वृषः ॥ ५९ ॥ अनड्वान्सौरभेयो गौ—

बैलके नाम ९—उक्षन् १ भ[illegible] २ बलीवर्द ३ ऋषभ ४ [illegible] ५ [illegible] ६ [illegible] ७ [illegible] ८ [illegible] ९ ॥

[illegible]

बैलोंके समूहका नाम १- [illegible] १ ॥

गव्या गोत्रा गवाम्—

गावोंके समूहके नाम २–गव्या १ गोत्रा २ ॥

-वात्सकौक्षकधैनुके ॥ ६० ॥

बछड़ोंके समूहका नाम १-वात्सक १ ॥ धेनुओंके समूहका नाम १-धैनुक १ ॥ ६० ॥

वृषो महान्महोक्षः स्याद्-

बड़े बैलका नाम १-महोक्ष १ ॥

-वृद्धोक्षस्तु जरद्गवः ।

बूढ़े बैलके नाम २-वृद्धोक्ष १ जरद्गव २ ॥

उत्पन्न उक्षा जातोक्षः ।

जवान बैलका नाम १ जातोक्ष १ ॥

-सद्योजातस्तु तर्णकः ॥ ६१ ॥

छोटे बछरेका नाम १-तर्णक १ ॥ ६१ ॥

शकृत्करिस्तु वत्सः स्याद्-

बछड़ेमात्रके नाम २-शकृत्करि १ वत्स २ ॥

-दम्यवत्सतरौ समौ ।

थोड़े जवान बछड़ेके नाम २-दम्य१ वत्सतर२॥

आर्षभ्यः षण्डतायोग्यः-

बधिया करने लायकका नाम १-आर्षभ्य १ ॥

-षण्डो गोपतिरिट्चरः ॥ ६२ ॥

सांड़के नाम ३-षण्ड १ गोपति २ इट्चर ३ ॥ ६२ ॥

स्कन्धदेशे त्वस्य वहः-

बैलके कन्धेका नाम १-वह १ ॥

-सास्ना तु गलकम्बलः ।

गैयोंके गलेमे जो मांस लटकता है उस मांसके नाम २-सास्ना १ गलकम्बल २ ॥

स्यान्नस्तितस्तु नस्योतः-

नाथवाले बैलके नाम २-नस्तित १ नस्योत २॥

-प्रष्ठवाड् युगपार्श्वगः ॥ ६३ ॥

जिससे गाड़ीमे जोतनेके अर्थ बैल सधाये जायँ उस काष्ठके नाम २-प्रष्ठवाह् १ युगपार्श्वग २।६३।

युगादीनां तु वोढारो युग्यप्रासङ्ग्यशाकटाः ।

जुएके उठानेवालेका नाम १-युग्य १ ॥ जोड उठानेवालेका नाम १-प्रासङ्ग्य १ ॥ छकड़ेके उठानेवाले बैलका नाम १-शाकट १ ॥

खनति तेन तद्वोढाऽस्येदं हालिकसैरिकौ ॥ ६४ ॥

हलमें चलनेवालेके नाम २-हालिक १ सैरिक २ ॥ ६४ ॥

धूर्वहे धुर्यधौरेयधुरीणाः सधुरंधराः ।

बोझा ढोनेवाले बैलके नाम ५-धूर्वह १ धुर्य २ धौरेय ३ धुरीण ४ धुरन्धर ५ ॥

उभावेकधुरीणैकधुरावेकधुरावहे ॥ ६५ ॥

एक बोझेके ढोनेवालेके नाम ३-एकधुरीण १ एकधुर २ एकधुरावह ३ ॥ ६५ ॥

स तु सर्वधुरीणः स्याद्यो वै सर्वधुरावहः

जो सब बोझा ले चले उसके नाम २-सर्वधुरीण १ सर्वधुरावह २ ॥

माहेयी सौरभेयी गौरुस्रा माता च शृङ्गिणी ॥ ६६ ॥ अर्जुन्यघ्न्या रोहिणी स्यात्-

गायके नाम ९-माहेयी १ सौरभेयी २ गो ३ उस्रा ४ माता ५ शृंगिणी ६ ॥ ६६ ॥ अर्जुनी ७ अघ्न्या ८ रोहिणी ९ ॥

उत्तमा गोषु नैचिकी ।

अच्छी गायका नाम १-नैचिकी १ ॥

वर्णादिभेदात्संज्ञाः स्युः शबलीधवलादयः ॥ ६७ ॥

चितकबरीका नाम १-शबली १ ॥ सफेदका नाम १-धवला १ ॥ ६७ ॥

द्विहायनी द्विवर्षा गौ-

दो वर्षकी गायके नाम २-द्विहायनी १ द्विवर्षा२

-रेकाब्दा त्वेकहायनी ।

एकवर्षवालीके नाम २-एकाब्दा १ एकहायनी२।

चतुरब्दा चतुर्हायि-

चार वर्षकीके नाम २–चतुरब्दा १ चतुर्हायणी२

–ण्येवं त्र्यब्दा त्रिहायणी ॥ ६८ ॥

तीन वर्षकी गौके नाम २–त्र्यब्दा १ त्रिहायणी २ ॥ ६८ ॥

वशा वन्ध्या–

बांझके नाम २–वशा १ वन्ध्या २ ॥

–ऽवतोका तु स्रवद्गर्भा

जिसका अकस्मात् गर्भ गिर गया हो उस गायनाम २–अवतोका १ स्रवद्गर्भा २ ॥

–थ सन्धिनी। आक्रान्ता वृषभेण–

बैलक साथ लगाई हुई गायका नाम १–सन्धिनी १ ॥

–थ वेहद्गर्भोपघातिनी ॥ ६९ ॥

बलके सयोगसे गर्भको गिरा देनेवाली गायके नाम २–वेहत् १ गर्भोपघातिनी २ ॥ ६९ ॥

काल्योपसर्या प्रजने–

जिसको गर्भ धारण करनेका समय हो उसका नाम १–उपसर्य्या १ ॥

–प्रष्ठौही बालगर्भिणी।

महलौनका नाम १–प्रष्ठोही १ ॥

स्यादचण्डी तु सुकरा–

सूधी गौके नाम २–अचण्डी १ सुकरा २ ॥

–बहुसूतिः परेष्टुका ॥ ७० ॥

बहुत दफे ब्याई हुईके नाम २–बहुसूति १ परेष्टुका २ ॥ ७० ॥

चिरप्रसूता बष्कयिणी–

बकेन (बहुत दिनोंमें ब्यानेवाली) गायके नाम २–चिरप्रसूता १ बष्कयिणी २ ॥

–धेनुः स्यान्नवसूतिका ॥

नई ब्याई हुईके नाम २–धेनु १ नवसूतिका २॥

सुव्रता सुखसन्दोह्या–

जो सरलतासे दुही जाय उस गायके नाम २–सुव्रता १ सुखसन्दोह्या २ ॥

पीनोध्नी पीवरस्तनी ॥ ७१ ॥

बड़े आयनवालीके नाम २–पीनोध्नी १ पीवरस्तनी २ ॥ ७१ ॥

द्रोणक्षीरा द्रोणदुग्धा–

द्रोण (१२ सेर) दूध देनेवालीके नाम २–द्रोणक्षीरा १ द्रोणदुग्धा २ ॥

धेनुष्या बन्धके स्थिता।

गिरवी रक्खी हुईका नाम १–धेनुष्या १ ॥

समांसमीना सा यैव प्रतिवर्षं प्रसूयते ॥ ७२ ॥

प्रतिवर्ष ब्यानेवाली गौका नाम १–समांसमीना १ ॥७२ ॥

ऊधस्तु क्लीबमापीनं–

आयन (औहड़ी) के नाम २–ऊधस् १ आपीन २ ॥

समौ शिपककीलकौ।

खूंटेके नाम २–शिवक १ कीलक २ ॥

न पुंसि दाम सन्दानं–

दुहनेके समय पांव बांधनेकी रस्सीके नाम २–दामन् १ सन्दान २ ॥

–पशुरज्जुस्तु दामनी ॥ ७३ ॥

पशु बांधनेकी रस्सीक नाम २–पशुरज्जु १ दामनी २ ॥ ७३ ॥

वैशाखमन्थमन्थानमन्थानोमन्थदण्डके–

मथनीका दण्ड अर्थात् रईके नाम ५–वैशाख १ मन्थ २ मन्थान ३ मथिन् ४ मन्थदण्डक ५ ॥

कुठरो दण्डविष्कम्भो–

जिसमें रई बांधी जाय उस काष्ठके नाम २–कुठर १ दण्डविष्कम्भ २ ॥

–मन्थनी गर्गरी समे ॥ ७४ ॥

मथनेके पात्रके नाम २–मन्थनी १ गर्गरी २ ॥ ७४ ॥

उष्ट्रे क्रमेलकमयमहांगाः–

ऊँटके नाम ४– उष्ट्र १ क्रमेलक २ मय ३ महांग ४ ॥

करभः शिशुः ।

ऊँटके बच्चेके नाम २–करभ १ शिशु २ ॥

करभाः स्युः शृङ्खलका दारवैः पादबन्धनैः ॥ ७५ ॥

काठसे पैर बधे हुए बच्चेका नाम १–शृङ्खलक १ ॥ ७५ ॥

अजा छागी–

बकरीके नाम २–अजा १ छागी २ ॥

शुभच्छागबस्तच्छगलका अजे ।

बकरेके नाम ५–शुभ १ छाग २ बस्त ३ छागलक ४ अज ५ ॥

मेढ्रोरभ्रोरणोर्णायुमेषवृष्णय एडके ॥ ७६ ॥

मेढेके नाम ७–मेढ्र १ उरभ्र २ उरण ३ ऊर्णायु ४ मेष ५ वृष्णि ६ एडक ७ ॥ ७६ ॥

उष्ट्रोरभ्राजवृन्दे स्यादौष्ट्रकौरभ्रकाजकम् ।

ऊंटोंके समूहका नाम १–औष्टक १ ॥ मेढ़ोंके समूहका नाम १–औरभ्रक १ ॥ अजों (बकरों)के समूहका नाम १–आजक १ ॥

चक्रीवन्तस्तु बालेया रासभा गर्दभाः खराः ॥ ७७ ॥

गधेके नाम ५–चक्रीवत् १ बालेय २ रासभ ३ गर्दभ ४ खर ५ ॥ ७७ ॥

वैदेहकः सार्थवाहो नैगमो वाणिजो वणिक् । पण्याजीवो ह्यापणिकः क्रयविक्रयिकश्च सः ॥ ७८ ॥

व्यापारीके नाम ८–वैदेहक १ सार्थवाह २ नैगम ३ वाणिज ४ वणिज् ५ पण्याजीव ६ आपणिक ७ क्रयविक्रयिक ८ ॥ ७८ ॥

विक्रेता स्याद्विक्रयिकः–

बेचनेवालेके नाम २–विक्रेतृ १ विक्रयिक २ ॥

क्रायिकक्रयिकौ समौ ।

मोल लेनेवालेके नाम २–क्रायिक १ क्रयिक २॥

वाणिज्यं तु वणिज्या स्या–

व्यापारके नाम २–वाणिज्य १ वणिज्या २ ॥

न्मूल्यं वस्नोऽप्यवक्रयः ॥ ७९ ॥

मोलके नाम ३–मूल्य १ वस्न २ अवक्रय ३ ॥ ७९ ॥

नीवी परिपणो मूलधनं–

मूलधनके नाम ३–नीवी १ परिपण २ मूलधन ३ ॥

–लाभोऽधिकं फलम् ।

नफेके नाम ३–लाभ १ अधिक २ फल ३ ॥

परिदानं परीवर्तो नैमेयनिमयावपि ॥ ८० ।

अदल बदलके नाम ४–परिदान १ परीवर्त्त २ नैमेय ३ निमय ४ ॥ ८० ॥

पुमानुपनिधिर्न्यासः–

धरोहरके नाम २–उपनिधि १ न्यास २ ॥

–प्रतिदानं तदर्पणम् ।

धरोहर लौटा देनेके नाम २–प्रतिदान १ तदर्पण २ ॥

क्रये प्रसारितं क्रय्यं–

बेचनेके अर्थ दुकानमें रक्खी हुई वस्तुका नाम १–क्रय्य १ ॥

–क्रेयं क्रेतव्यमात्रके ॥ ८१ ॥

दुकानपर रखने योग्य वस्तुका नाम १–क्रेय १ ॥ ८१ ॥

विक्रेयं पणितव्यं च पण्यं–

वेचने योग्य वस्तुके नाम ३–विक्रेय १ पणितव्य २ पण्य ३ ॥

—क्रय्यादयस्त्रिषु ।

क्रय्य आदि शब्द तीनों लिंगोंमें होते हैं ॥

क्लीबे सत्यापनं सत्यङ्कारः सत्याकृतिः स्त्रियाम् ॥ ८२ ॥

साई अर्थात् बयानेके नाम ३–सत्यापन १ सत्यङ्कार २ सत्याकृति ३ ॥ ८२ ॥

विपणो विक्रयः—

वेचनेके नाम २–विपण १ विक्रय २ ॥

–संख्याः संख्येये ह्यादश त्रिषु ।

एकसे अष्टादश पर्यन्त संख्या गिनने योग्य वस्तुमें रहती है और वह संख्या शब्द संख्येय शब्दवत् तीनों लिङ्गोंमें होती है ॥

विंशत्याद्याः सदैकत्वे सर्वाः संख्येय-संख्ययोः ॥ ८३ ॥

विंशति (वीस) आदि सम्पूर्ण संख्या (गिनती) और संख्येय अर्थात् गिनने योग्य वस्तुमें रहती है और विंशति आदि शब्द सदा एकवचन होते हैं ॥ ८३ ॥

संख्यार्थे द्विबहुत्वे स्त–

केवल गिनती अर्थवाले विंशति आदि शब्द द्विवचन और बहुवचनमें होते हैं ॥

—स्तासु चानवतेः स्त्रियः ।

विंशति आदि नवतिपर्यन्त शब्द स्त्रीलिंग होते हैं ॥

पंक्तेः शतसहस्रादि क्रमाद्दशगुणोत्तरम् ॥ ८४ ॥

दश संख्याका क्रमसे उत्तरोत्तर दश गुणा शत सहस्र आदि संख्याएँ होती हैं ॥ ८४ ॥

यौतवं द्रुवयं पाय्यमिति मानार्थकं त्रयम् ।

तोलके नाम ३–यौतव १ द्रुवय २ पाय्य ३ ॥

मानं तुलाऽङ्गुलिप्रस्थै–

(तोल तीन प्रकारकी है) तुलामान १ अंगुलिमान २ प्रस्थमान ३ ॥

—र्गुञ्जाः पञ्चाद्यमाषकः ॥ ८५ ॥

पांच रतीका शास्त्रोक्त माषा (मासा) होता है ॥ ८५ ॥

ते षोडशाक्षः कर्षोऽस्त्री–

सोलह मासेका एक अक्ष होता है उसको ही कर्ष कहते हैं ॥

—पलं कर्षचतुष्टयम् ।

चार कर्षका एक पल होता है ॥

सुवर्णबिस्तौ हेम्नोऽक्षे–

कर्षभर सुवर्णके नाम २–सुवर्ण १ बिस्त २ ॥

—कुरुबिस्तस्तु तत्पले ॥ ८६ ॥

पलभर सुवर्णका नाम १–कुरुबिस्त १ ॥ ८६ ॥

तुला स्त्रियां पलशतं–

सौ पलका नाम १–तुला १ ॥

—भारः स्याद्विंशतिस्तुलाः ।

वीस तुलाका नाम १–भार १ ॥

आचितो दश भाराः स्युः–

दश भारका नाम १–आचित १ ॥

–शाकटो भार आचितः ॥ ८७ ॥

शकटभर भारका नाम १–आचित १ ॥ ८७ ॥

कार्षापणः कार्षिकः स्यात्—

चांदीके रुपयेके नाम २–कार्षापण १ कार्षिक२।

–कार्षिके ताम्रिके पणः ।

तामेका कार्षापण अर्थात् पैसेका नाम १–पण१

अस्त्रियामाढकद्रोणौ खारी वाहो निकुञ्चकः ॥ ८८ ॥ कुडवः प्रस्थ इत्याद्याः परिमाणार्थकाः पृथक् ।

चार सेरका नाम१–आढक१ ॥ आठ आढकका नाम–द्रोण १ ॥ तीन द्रोणका नाम–खारी १ ॥ आठ द्रोणका नाम–वाह १ ॥ मुट्ठीभरका नाम–निकुंचक १ ॥ ८८ ॥ पावभरका नाम–कुडव १ ॥

सेरभरका नाम–प्रस्थ १ ॥ इत्यादि अलग अलग तोलके नाम है ॥

पादस्तुरीयो भागः—

चौथे भागका नाम १–पाद १ ॥

—दशभागौ तु वण्टके ॥ ८९ ॥

बाट अर्थात् भागके नाम ३–अंश १ भाग २ वंटक ३ ॥ ८९ ॥

द्रव्य वित्तं स्वापतेयं रिक्थमृक्थं धनं वसु । हिरण्यं द्रविणं द्युम्नमर्थरैविभवा अपि ॥ ९० ॥

धनके नाम १३–द्रव्य १ वित्त २ स्वापतेय ३ रिक्थ ४ ऋक्थ ५ धन ६ वसु ७ हिरण्य ८ द्रविण ९ द्युम्न १० अर्थ ११ रै १२ विभव १३ ॥ ९० ॥

स्यात्कोषश्च हिरण्यं च हेमरूप्ये कृताकृते ।

गड़े वा नहीं गड़े हुए सोने वा चांदीके नाम २–हिरण्य १ कोष २ ॥

ताभ्यां यदन्यत्तत्कुप्य—

सोने चांदीसे अन्य ताम्रादि धातुका नाम १–कुप्य १ ॥

—रूप्यं तद्द्वयमाहतम् ॥ ९१ ॥

तांबा और चांदीके मिलाये हुएका नाम १—रूप्य १ ॥ ९१ ॥

गारुत्मतं मरकतमश्मगर्भो हरिन्मणिः

मरकतमणिके नाम ४–गारुत्मत १ मरकत २ अश्मगर्भ ३ हरिन्मणि ४ ॥

शोणरत्नं लोहितकः पद्मरागो—

पद्मरागमणिके नाम ३–शोणरत्न १ लोहितक २ पद्मराग ३ ॥

—ऽथ मौक्तिकम् ॥ ९२ ॥ मुक्ता—

मोतीके नाम २–मौक्तिक १ ॥ ९२ ॥ मुक्ता२।

ऽथ विद्रुमः पुंसि प्रवालं पुंनपुंसकम् ।

मूंगेके नाम २–विद्रुम १ प्रवाल २ ॥

रत्नं मणिर्द्वयोरश्मजातौ मुक्तादिकेऽपि च ॥ ९३ ॥

पद्मराग आदि पाषाण जाति और मुक्ताफल आदिके नाम २–रत्न १ मणि २ ॥ ९३ ॥

स्वर्णं सुवर्णं कनकं हिरण्यं हेम हाटकम् । तपनीयं शातकुम्भं गाङ्गेयं भर्म कर्बुरम् ॥ ९४ ॥ चामीकरं जातरूपं महारजतकाञ्चने । रुक्मं कार्तस्वरं जाम्बूनदमष्टापदोऽस्त्रियाम् ॥ ९५ ॥

सुवर्णके नाम १९ स्वर्ण १ सुवर्ण २ कनक ३ हिरण्य ४ हेमन् ५ हाटक ६ तपनीय ७ शातकुम्भ ८ गांगेय ९ भर्म्मन् १० कर्बुर ११ ॥९४॥ चामीकर १२ जातरूप १३ महारजत १४ कांचन १५ रुक्म १६ कार्तस्वर १७ जांबूनद १८ अष्टापद १९ ॥ ९५ ॥

अलंकारसुवर्णं यच्छृङ्गीकनकमित्यदः ।

सुवर्णके गहनेका नाम १–शृंगीकनक १ ॥

दुर्वर्णं रजतं रूप्यं खर्जूरं श्वेतमित्यपि ॥ ९६ ॥

चांदीके नाम ५–दुर्वर्ण १ रजत २ रूप्य ३ खर्जूर ४ श्वेत ५ ॥ ९६ ॥

रीतिः स्त्रियामारकूटो न स्त्रियां—

पीतलके नाम २–रीति १ आरकूट २ ॥

—मथ ताम्रकम् । शुल्वं म्लेच्छमुखं द्व्यष्टवरिष्ठोदुम्बराणि च ॥ ९७ ॥

तांबेके नाम ६–ताम्रक १ शुल्व २ म्लेच्छमुख ३ द्व्यष्ट ४ वरिष्ठ ५ उदुंबर ६ ॥ ९७ ॥

लोहोऽस्त्री शस्त्रकं तीक्ष्णं पिण्डं कालायसायसी । अश्मसारो—

लोहेके नाम ७–लोह १ शस्त्रक २ तीक्ष्ण ३ पिण्ड ४ कालायस ५ अयस् ६ अश्मसार ७ ॥

—थ मण्डूरं सिंहाणमपि तन्मले॥९८॥

लोहेके मल अर्थात् मंडूरके नाम २–मण्डूर १ सिंहाण २ ॥ ९८ ॥

सर्वं च तैजसं लोहं—

चांदी सोना लोहादि सर्व धातुओंका नाम १–लोह १ ॥

विकारस्त्वयसः कुशी ।

लोहके फालका नाम १–कुशी १ ॥

क्षारः काचो—

कांचके नाम २–क्षार १ काच २ ॥

—ऽथ चपलो रसः सूतश्च पारदे ॥९९॥

पारेके नाम ४–चपल १ रस २ सूत ३ पारद ४ ॥ ९९ ॥

गवलं माहिषं शृङ्गं—

भैंसेके सींगका नाम १–गवल १ ॥

—मभ्रक गिरिजामले ।

अबरखके नाम ३–अभ्रक १ गिरिज २ अमल ३ ॥

स्रोतोऽञ्जनं तु सौवीरं कापोताञ्जन-यामुने ॥ १०० ॥

सुर्माके नाम ४—स्रोतोऽजन १ सौवीर २ कापोतांजन ३ यामुन ४ ॥ १०० ॥

तुत्थाञ्जनं शिखिग्रीवं वितुन्नकमयूरके ।

तूतिया (नीलाथोथा) के नाम ४–तुत्थाञ्जन १ शिखिग्रीव २ वितुन्नक ३ मयूरक ४ ॥

कर्परी दार्विका क्वाथोद्भवं तुत्थं—

तूतियाके भेद ३–कर्परी १ दार्विका २ तुत्थ ३॥

—रसाञ्जनम् ॥ १०१ ॥ रसगर्भं तार्क्ष्य-शैलं—

रसोतके नाम ३–रसाञ्जन १ ॥ १०१ ॥ रस-गर्भ २ तार्क्ष्यशैल ३ ॥

—गन्धाश्मनि तु गन्धिकः । सौगन्धि-कश्च—

गन्धकके नाम ३–गन्धाश्मन् १ गन्धिक २ सौगन्धिक ३ ॥

—चक्षुष्याकुलाल्यौ तु कुलत्थिका ॥ १०२ ॥

काले सुर्मेके नाम ३–चक्षुष्या १ कुलाली २ कुलत्थिक ३ ॥ १०२ ॥

रीतिपुष्पं पुष्पकेतु पौष्पकं कुसुमा-ञ्जनम् ।

पीतलको तपाके घिसनेसे जो अंजन बने उसके नाम ४–रीतिपुष्प १ पुष्पकेतु २ पौष्पक ३ कुसुमांजन ४ ॥

पिञ्जरं पीतन तालमालं च हरितालके ॥ १०३ ॥

हरितालके नाम ५–पिञ्जर १ पीतन २ ताल ३ आल ४ हरितालक ५ ॥ १०३ ॥

गैरेयमर्थ्यं गिरिजमश्मजं च शिलाजतु

शिलाजीतके नाम ५–गैरेय १ अर्थ्य २ गिरिज ३ अश्मज ४ शिलाजतु ५ ॥

बोलगन्धरसप्राणपिंडगोपरसाः समाः ॥ १०४ ॥

गन्धरसके नाम ५–बोल १ गन्धरस २ प्राण ३ पिण्ड ४ गोपरस ५ ॥ १०४ ॥

डिण्डीरोऽब्धिकफः फेनः—

समुद्रके झागके नाम ३–डिंडीर १ अब्धिकफ २ फेन ३ ॥

सिन्दूरं नागसंभवम् ।

सिंदूरके नाम २–सिंदूर १ नागसम्भव २ ॥

नागसीसकयोगेष्टवप्राणि—

सीसेके नाम ४—नाग १ सीसक २ योगेष्ट ३ वप्र ४ ॥

—त्रपु पिच्चटम् ॥ १०५ ॥ रङ्गवङ्गे—

रांगके नाम ४–त्रपु १ पिच्चट २ ॥ १०५ ॥ रङ्ग ३ वंग ४ ॥

—अथ पिचुस्तूलो—

रुईके नाम २–पिचु १ तूल २ ॥

–ऽथ कमलोत्तरम् । स्यात्कुसुम्भं वह्निशिखं महारजनमित्यपि ॥ १०६ ॥

कुसुम्भके नाम ४–कमलोत्तर १ कुसुम्भ २ वह्निशिख ३ महारजन ४ ॥ १०६ ॥

मेषकम्बल ऊर्णायुः–

ऊनी कम्बलके नाम २–मेषकम्बल १ ऊर्णायु २॥

शशोर्णं शशलोमनि ।

खरगोशकी ऊनके नाम २—शशोर्ण १ शशलोमन् २ ॥

मधु क्षौद्रं माक्षिकादि–

शहदके नाम ३—मधु १ क्षौद्र २ माक्षिक ३ ॥

–मधूच्छिष्टं तु सिक्थकम् ॥ १०७ ॥

मोमके नाम २—मधूच्छिष्ट १ सिक्थक २ ॥ १०७ ॥

मनःशिला मनोगुप्ता मनोह्वा नागजिह्विका । नैपाली कुनटी गोला–

मैनशिलके नाम ७—मनःशिला १ मनोगुप्ता २ मनोह्वा ३ नागजिह्विका ४ नैपाली ५ कुनटी ६ गोला ७ ॥

–यवक्षारो यवाग्रजः ॥ १०८ ॥ पाक्यो–

जवाखारके नाम ३–यवक्षार १ यवाग्रज २ ॥ १०८ ॥ पाक्य ३ ॥

–ऽथ सर्जिकाक्षारः कापोतः सुखवर्चकः । सौवर्चलं स्याद्रुचकं–

सज्जीके नाम ५—सर्जिकाक्षार १ कापोत २ सुखवर्चक ३ सौवर्चल ४ रुचक ५ ॥

–त्वक्क्षीरी वंशरोचना ॥ १०९ ॥

वंशलोचनके नाम २–त्वक्क्षीरी १ वंशरोचना २ ॥ १०९ ॥

शिग्रुजं श्वेतमरिचं–

सफेद मिर्चके नाम २–शिग्रुज १ श्वेतमरिच २।

मोरटं मूलमैक्षवम् ।

ईखकी जड़का नाम १–मोरट १ ॥

ग्रन्थिकं पिप्पलीमूलं चटकाशिर इत्यपि ॥ ११० ॥

पीपलामूलके नाम ३—ग्रन्थिक १ पिप्पलीमूल २ चटकाशिरस् ३ ॥ ११० ॥

गोलोमी भूतकेशो ना—

जटामांसीके नाम २–गोलोमी १ भूतकेश २ ॥

पत्राङ्गं रक्तचन्दनम् ।

पतंगके नाम २ – पत्राग १ रक्तचन्दन २ ॥

त्रिकटु त्र्यूषणं व्योषं–

सोंठि, पीपल, मिर्च इन तीनोंके समूहके नाम ३—त्रिकटु १ त्र्यूषण २ व्योष ३ ॥

—त्रिफला तु फलत्रिकम् ॥ १११ ॥

आंवला, हरड, बहेड़ा इन तीनोंके समूहके नाम २–त्रिफला १ फलत्रिक २ ॥ १११ ॥

इति वैश्यवर्गः ॥ ९ ॥

अथ शूद्रवर्गः १०.

शूद्राश्चावरवर्णाश्च वृषलाश्च जघन्यजाः।

शूद्रके नाम ४–शूद्र १ अवरवर्ण २ वृषल ३ जघन्यज ४ ॥

आचण्डालात्तु सङ्कीर्णा अम्बष्ठकरणादयः ॥ १ ॥

ब्राह्मणीमें शूद्रसे उत्पन्न हो उसका नाम–चण्डाल ॥ चण्डालसे लेकर अम्बष्ठ करण आदिकोंका नाम १–संकीर्ण १ ॥ १ ॥

शूद्राविशोस्तु करणो—

शूद्रामें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम १–करण १।

–ऽम्बष्ठो वैश्याद्विजन्मनोः ।

बनैतीमें ब्राह्मणसे उत्पन्न हो उसका नाम १–अम्बष्ठ १ ॥

शूद्राक्षत्रिययोरुग्रो–

शूद्रामें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १–उग्र १।

—मागधः क्षत्रियाविशोः ॥ २ ॥

क्षत्रियाणीमें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम—१ मागध १ ॥ २ ।

माहिष्योऽर्याक्षत्रिययोः—

बनैनीमें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १—माहिष्य १ ॥

—क्षत्ताऽर्याशूद्रयोः सुतः ।

बनैनीमे शूद्रसे उत्पन्न हुएका नाम १—क्षत्तृ १ ॥

ब्राह्मण्यां क्षत्रियात्सूत—

ब्राह्मणीमें क्षत्रियसे उत्पन्न हुएका नाम १—सूत १

स्तस्यां वैदेहको विशः ॥ ३ ॥

ब्राह्मणीमें वैश्यसे उत्पन्न हुएका नाम १—वैदेहक १ ॥ ३ ॥

रथकारस्तु माहिष्यात्करण्यां यस्य संभवः ।

करणीमें माहिष्यसे उत्पन्न हुएका नाम १—रथकार १ ॥

स्याच्चण्डालस्तु जनितो ब्राह्मण्यां वृषलेन यः ॥ ४ ॥

ब्राह्मणीमे शूद्रसे उत्पन्न हुएका नाम १—चण्डाल १ ॥ ४ ॥

कारुः शिल्पी—

कारीगरोंके नाम २—कारु १ शिल्पिन् २ ॥

—संहतैस्तैर्द्वयोः श्रेणिः सजातिभिः ।

कारीगरोंके समूहका नाम १—श्रेणि १ ॥

कुलकः स्यात्कुलश्रेष्ठी—

कारीगरोंके अफसर अर्थात् मिस्तरीके नाम २—कुलक १ कुलश्रेष्ठी २ ॥

—मालाकारस्तु मालिकः ॥ ५ ॥

मालीके नाम २—मालाकार १ मालिक २ ॥५॥

कुम्भकारः कुलालः स्यात्—

कुम्हारके नाम २—कुम्भकार १ कुलाल २ ॥

—पलगण्डस्तु लेपकः ।

कमगरके नाम २—पलगण्ड १ लेपक २ ॥

तन्तुवायः कुविन्दः स्यात्—

जुलाहेके नाम २—तन्तुवाय १ कुविन्द २ ॥

तुन्नवायस्तु सौचिकः ॥ ६ ॥

दरजीके नाम २—तुन्नवाय १ सौचिक २ ॥६॥

रङ्गाजीवश्चित्रकरः—

चित्रकारके नाम २—रङ्गाजीव १ चित्रकर २ ॥

—शस्त्रमार्जोऽसिधावकः ॥

शिकिलीगरके नाम २—शस्त्रमार्ज १ असिधावक २ ॥

पादूकृच्चर्मकारः स्या—

चमारके नाम २—पादूकृत् १ चर्मकार २ ॥

—द्व्योकारो लोहकारकः ॥ ७ ॥

लोहारके नाम २—व्योकार १ लोहकारक २ ।७।

नाडिन्धमः स्वर्णकारः कलादो रुक्मकारकः ।

सुनारके नाम ४—नाडिन्धम १ स्वर्णकार २ कलाद ३ रुक्मकारक ४ ॥

स्याच्छाङ्खिकः काम्बविकः—

मनिहारके नाम २ शाङ्खिक १ काम्बविक २।

—शौल्बिकस्ताम्रकुट्टकः ॥ ८ ॥

ठठेरेके नाम २—शौल्बिक १ ताम्रकुट्टक २ ॥८॥

—तक्षा तु वर्धकिस्त्वष्टा रथकारस्तु—काष्ठतट् ।

बढ़ईके नाम ५—तक्षन् १ वर्धकी २ त्वष्टृ ३ रथकार ४ काष्ठतक्ष् ५ ॥

ग्रामाधीनो ग्रामतक्षः—

गावके बढ़ईके नाम २—ग्रामाधीन १ ग्रामतक्ष २ ॥

—कौटतक्षोऽनधीनकः ॥ ९ ॥

स्वतन्त्र बढ़ईका नाम १-कौटतक्ष १ ॥ ९ ॥

क्षुरी मुण्डी दिवाकीर्तिर्नापितान्तावसायिनः।

नाईके नाम ५-क्षुरिन् १ मुण्डिन् २ दिवाकीर्ति ३ नापित ४ अन्तावसायिन् ५ ॥

निर्णेजकः स्याद्रजकः—

धोबीके नाम २-निर्णेजक १ रजक २ ॥

—शौण्डिको मण्डहारकः ॥ १० ॥

कलालके नाम २—शौण्डिक १ मण्डहारक २ ॥ १० ॥

जाबालः स्यादजाजीवो—

गड़रियेके नाम २-जाबाल १ अजाजीव २ ॥

–देवाजीवस्तु देवलः।

पण्डाके नाम २-देवाजीव १ देवल २ ॥

स्यान्माया शाम्बरी—

इन्द्रजालके नाम २-माया १ शांबरी २ ॥

–मायाकारस्तु प्रतिहारकः ॥११॥

इन्द्रजाली अर्थात् बाजीगरके नाम २-मायाकार १ प्रतिहारक २ ॥ ११ ॥

शैलालिनस्तु शैलूषा जायाजीवाः कृशाश्विनः। भरता इत्यपि नटा—

नटके नाम ६-शैलालिन् १ शैलूष २ जायाजीव ३ कृशाश्विन् ४ भरत ५ नट ६ ॥

श्चारणास्तु कुशीलवाः ॥ १२ ॥

कत्थकके नाम २-चारण १ कुशीलव २ ।१२॥

मार्दंगिका मौरजिकाः—

मृदङ्गके बजानेवालेके नाम २—मार्दंगिक १ मौरजिक २ ॥

—पाणिवादास्तु पाणिघाः।

ताली बजानेवालेके नाम २—पा[illegible] १ पाणिघ २ ॥

वेणुध्माः स्युर्वैणविका—

बांसुरी बजानेवालेके नाम २—वेणुध्म १ वैणविक २ ॥

–वीणावादास्तु वैणिकाः ॥ १३ ॥

वीणा बजानेवालेके नाम २—वीणावाद १ वैणविक २ ॥ १३ ॥

जीवान्तकः शाकुनिको–

चिड़ीमारके नाम २-जीवान्तक १ शाकुनिक२।

–द्वौ वागुरिकजालिकौ।

व्याधके नाम २-वागुरिक १ जालिक २ ॥

वैतंसिकः कौटिकश्च मांसिकश्च समं त्रयम् ॥ १४ ॥

कसाईके नाम ३—वैतसिक १ कौटिक २ मांसिक ३ ॥ १४ ।

भृतको भृतिभुक्कर्मकरो वैतनिकोऽपि सः।

मजूरके नाम ४—भृतक १ भृतिभुज् २ कर्मकर ३ वैतनिक ४ ॥

वार्तावहो वैवधिको—

दूतके नाम २-वार्तावह १ वैवधिक २ ॥

—भारवाहस्तु भारिकः ॥ १५ ॥

बोझा ढोनेवालेके नाम २—भारवाह भारिक २ ॥ १५ ॥

विवर्णः पामरो नीचः प्राकृतस्तु पृथग्जनः। निहीनोऽपसदो जाल्मः क्षुल्लकश्चेतरश्च सः ॥१६॥

नीचके नाम १०-विवर्ण १ पामर २ नीच ३ प्राकृत ४ पृथग्जन ५ निहीन ६ अपसद ७ जाल्म ८ क्षुल्लक ९ इतर १० ॥ १६ ॥

भृत्ये दासेरदासेयदासगोप्यकचेटकाः। नियोज्यकिंकरप्रैष्यभुजिष्यपरिचारकाः १७

दास वा टहलुएके नाम ११—भृत्य १ दासेर २ दासेय ३ दास ४ गोप्यक ५ चेटक ६ नियोज्य ७ किंकर ८ प्रैष्य ९ भुजिष्य १० परिचारक ११ ॥ १७ ॥

पराचितपरिस्कन्दपरजातपरैधिताः ।

जो दूसरेसे पाला जाय उसके अर्थात् रहुआके नाम ४—पराचित १ परिस्कन्द २ परजात ३ परैधित ४ ॥

मंदस्तुंदपरिमृज आलस्यः शीतकोऽलसोऽनुष्णः ॥ १८ ॥

आलसीके नाम ६—मन्द १ तुन्दपरिमृज २ आलस्य ३ शीतक ४ अलस ५ अनुष्ण ६ ॥ १८॥

दक्षे तु चतुरपेशलपटवः सूत्थान उष्णश्च ।

चतुरके नाम ६—दक्ष १ चतुर २ पेशल ३ पटु ४ सूत्थान ५ उष्ण ६ ॥

चण्डालप्लवमातंगदिवाकीर्तिजनंगमाः ॥ १९ ॥ निषादश्वपचावन्तेवासिचाण्डालपुक्कसाः ।

चाण्डालके नाम १०—चण्डाल १ प्लव २ मातङ्ग ३ दिवाकीर्ति ४ जनगम ५ ॥ १९ ॥ निषाद ६ श्वपच ७ अन्तेवासिन् ८ चाण्डाल ९ पुक्कस १० ॥

भेदाः किरातशबरपुलिंदा म्लेच्छजातयः ॥ २० ॥

म्लेच्छजातिके भेद जंगली गोमांस खानेवाले हेवूढे आदिके नाम ३—किरात १ शबर २ पुलिन्द ३ ॥ २० ॥

व्याधो मृगवधाजीवो मृगयुर्लुब्धकोऽपि सः ।

मृग पकड़नेवालेके नाम ४—व्याध १ मृगवधाजीव २ मृगयु ३ लुब्धक ४ ॥

कौलेयकः सारमेयः कुक्कुरो मृगदंशकः ॥ २१ ॥ शुनको भषकः श्वा स्या-

कुत्तेके नाम ७—कौलेयक १ सारमेय २ कुक्कुर ३ मृगदंशक ४ ॥ २१ ॥ शुनक ५ भषक ६ श्वन् ७ ॥

—दलर्कस्तु स योगितः ।

प्रयोगसे उन्मत्त हुए कुत्तेका नाम १—अलर्क १

श्वा विश्वकद्रुर्मृगयाकुशलः—

शिकारी कुत्तेका नाम १—विश्वकद्रु १ ॥

सरमा शुनी ॥ २२ ॥

कुतियाके नाम २—सरमा १ शुनी २ ॥ २२ ॥

विड्चरः सूकरो ग्राम्यो—

गांवके सूकरका नाम १—विड्चर १ ॥

वर्करस्तरुणः पशुः ।

तरुणपशुका नाम १—वर्कर १ ॥

आच्छोदनं मृगव्यं स्यादाखेटो मृगया स्त्रियाम् ॥ २३ ॥

शिकारके नाम ४—आच्छोदन १ मृगव्य २ आखेट ३ मृगया ४ ॥ २३ ॥

दक्षिणारुर्लुब्धयोगाद्दक्षिणेर्मा कुरङ्गकः॥

व्याधने जिस मृगके दहिने अंगमें मारा हो उसका नाम १—दक्षिणेर्मन् १ ॥

चौरैकागारिकस्तेनदस्युतस्करमोषकाः ॥ २४ ॥ प्रतिरोधिपरास्कन्दिपाटच्चरमलिम्लुचाः ।

चोरके नाम १०—चौर १ ऐकागारिक २ स्तेन ३ दस्यु ४ तस्कर ५ मोषक ६ ॥ २४ ॥ प्रतिरोधिन् ७ परास्कन्दिन् ८ पाटच्चर ९ मलिम्लुच १०।

चौरिका स्तैन्यचौर्ये च स्तेयं—

चोरीके नाम ४—चौरिका १ स्तैन्य २ चौर्य ३ स्तेय ४ ॥

—लोप्त्रं तु तद्धने ॥ २५ ॥

चोरीके मालका नाम १—लोप्त्र १ ॥ २५ ॥

वीतंसस्तूपकरणं बन्धने मृगपक्षिणाम् ।

पक्षी वा मृगोंके पकड़नेकी सामग्री अर्थात् जालादिका नाम १—वीतंस १ ॥

उन्माथः कूटयन्त्रं स्या-

कावकपींजरे आदिके नाम २—उन्माथ १ कूटयन्त्र २ ॥

द्वागुरा मृगबन्धनी ॥ २६ ॥

जालके नाम २–वागुरा १ मृगबन्धनी २ ।२६॥

शुल्ब वराटकं स्त्रीं तु रज्जुस्त्रिषु वटी गुणः ।

रस्सीके नाम ५–शुल्व १ वराटक २ रज्जु ३ वटी ४ गुण ५ ॥

उद्घाटन घटीयन्त्र सलिलोद्वाहनं प्रहेः ॥ २७ ॥

अरहटके नाम २–उद्घाटन १ घटीयन्त्र २ २७।

पुंसि वेमा वायदण्डः-

जुलाहेके कपड़ा बुननेके औजारके नाम २—वेमन् १ वायदण्ड २ ॥

सूत्राणि नरि तन्तवः।

सूतके नाम २–सूत्र १ तन्तु २ ॥

वाणिर्व्यूतिः स्त्रियौ तुल्ये—

कपड़े आदिके बुननेके नाम २–वाणि १ व्यूति २ ॥

पुस्त लेप्यादिकर्मणि ॥ २८ ॥

मिट्टी आदिसे लीपने पोतनेका नाम १—पुस्त १ ॥ २८ ॥

पाञ्चालिका पुत्रिका स्याद्वस्त्रदन्तादिभिः कृता ।

गुड़िया अर्थात् वस्त्रकी बनाई हुई पुतलीके नाम २–पांचालिका १ पुत्रिका २ ॥

जतुत्रपुविकारे तु जातुषं त्रापुषं त्रिषु ।

लाखके विकारका नाम १–जातुष १ ॥ वंगके विकारका नाम १–त्रापुष १ ॥

पिटकः पेटकः पेटा मंजूषा—

पिटारेके नाम ४–पिटक १ पेटक २ पेटा ३ मंजूषा ४ ॥

—ऽथ विहङ्गिका ॥ २९ ॥ भारयष्टि—

बहँगी (खूँटी) के नाम २–विहंगिका १ ॥ २९ ॥ भारयष्टि २ ॥

—स्तदालंबि शिक्यं काचो—

बहँगीके छींकेके नाम २–शिक्य १ काच २ ॥

–ऽथ पादुका। पादूरुपानत्स्त्री—

जूतेके नाम ३–पादुका १ पादू २ उपानत् ३ ॥

–सैवानुपदीना पदायता ॥ ३० ॥

मोजेका नाम १–अनुपदीना १ ॥ ३० ॥

नध्री वध्री वरत्रा स्या—

चमड़ेकी रस्सीके नाम ३–नध्री १ वध्री २ वरत्रा ३ ॥

—दश्वादेस्ताडनी कशा ।

कोड़ेका नाम १–कशा १ ॥

चाण्डालिका तु कण्डोलवीणा चण्डालवल्लकी ॥ ३१ ॥

किंगरीबाजेके नाम ३–चाण्डालिका १ कण्डोलवीणा २ चण्डा ३१ ॥

नाराची स्यादेषणिका—

कांटा अर्थात् सोना आदि तोलनेकी तराजूके नाम २–नाराची १ एषणिका २

—शाणस्तु निकषः कषः।

कसौटीके नाम ३–शाण १ निकष २ कष ३ ॥

व्रश्चनः पत्रपरशु—

रेतीके नाम २–व्रश्चन १ पत्रपरशु २ ॥

— ईषिका तूलिका समे ॥ ३२ ॥

सलाईके नाम २–ईषिका १ तूलिका २ ॥३२॥

तैजसा वर्तनी मूषा-

सुवर्ण इत्यादि धातु गलानेकी घरियाके नाम ३–तैजसा १ वर्तनी २ मूषा ३ ॥

—भस्त्रा चर्मप्रसेविका।

फूँकनीके नाम २– भस्त्रा १ चर्मप्रसेविका २ ॥

आस्फोटनी वेधनिका—

बर्मेके नाम २– आस्फोटनी १ वेधनिका २ ॥

कृपाणी कर्तरी समे ॥ ३३ ॥

एक प्रकारकी कैंचीके नाम २-कृपाणी १ कर्तरी २ ॥ ३३ ॥

वृक्षादनी वृक्षभेदी-

बसूले आदिके नाम २—वृक्षादनी १ वृक्षभेदी२

—टंकः पाषाणदारणः ।

टांकी अर्थात् पत्थर फोड़नेके हथियारके नाम २-टंक १ पाषाणदारण २ ॥

क्रकचोऽस्त्री करपत्र-

आरेके नाम २—क्रकच १ करपत्र २ ॥

-मारा चर्मप्रभेदिका ॥ ३४ ॥

आरीके नाम २—आरा १ चर्मप्रभेदिका २ ॥

सूर्मी स्थूणाऽयःप्रतिमा-

लोहेकी मूर्तिके नाम ३-सूर्मी १ स्थूणा २ अयःप्रतिमा ३ ॥

-शिल्प कर्म कलादिकम् ॥ ३४ ॥

कारीगरीका नाम १-शिल्प १ ॥ ३४॥

प्रतिमानं प्रतिबिम्बं प्रतिमा प्रतियातना प्रतिच्छाया । प्रतिकृतिरर्चा पुंसि प्रतिनिधि—

प्रतिमा अर्थात् तसवीरके नाम ८-प्रतिमान १ प्रतिबिम्ब २ प्रतिमा ३ प्रतियातना ४ प्रतिच्छाया ५ प्रतिकृति ६ अर्चा ७ प्रतिनिधि ८ ॥

-रुपमोपमानं स्यात ॥ ३५ ॥

मिसाल और जिसकी मिसाल दी जाय उसके नाम २-उपमा १ उपमान २ ॥ ३५ ।

वाच्यलिंगाः समस्तुल्यः सदृक्षः सदृशः सदृक् ॥ ३६ ॥ साधारणः समानश्च-

बराबरके नाम ७—सम १ तुल्य २ सदृक्ष ३ सदृश ४ सदृग् ५ ॥ ३६ ॥ साधारण ६ समान ७

-स्युरुत्तरपदे त्वमी । निभसंकाशनीकाशप्रतीकाशोपमादयः ॥ ३७ ॥

समानके नाम ५-निभ १ संकाश २ नीकाश ३ प्रतीकाश ४ उपमा ५ ॥ ३७ ॥

कर्मण्या तु विधा भृत्या भृतयो भर्म वेतनम् । भरण्यं भरणं मूल्यं निर्वेशः पण इत्यपि ॥ ३८ ॥

मजूरीके नाम ११-कर्मण्या १ विधा २ भृत्या ३ भृति ४ भर्मन् ५ वेतन ६ भरण्य ७ भरण ८ मूल्य ९ निर्वेश १० पण ११ ॥ ३८ ॥

सुरा हलिप्रिया हाला परिस्रुद्वरुणात्मजा । गन्धोत्तमा प्रसन्नेरा कादम्बर्यः परिस्रुता ॥ ३९ ॥ मदिरा कश्यमद्ये चा—

मदिरा अर्थात् शराबके नाम १३-सुरा १ हलिप्रिया २ हाला ३ परिस्रुत् ४ वरुणात्मजा ५ गन्धोत्तमा ६ प्रसन्ना ७ इरा ८ कादम्बरी ९ परिस्रुता १० ॥ ३९ ॥ मदिरा ११ कश्य १२ मद्य १३

-प्यवदंशस्तु भक्षणम् ।

मद्यपानकी रुचि उत्पन्न करनेके लिए भूंजा चना इत्यादि खानेका नाम १-अवदंश १ ॥

शुण्डापानं मदस्थानं—

मदिरा पीनेके स्थानके नाम २-शुण्डापान १ मदस्थान २ ॥

मधुवारा मधुक्रमाः ॥ ४० ॥

मदिरा पीनेके समयके नाम २-मधुवार १ मधुक्रम२ ॥ ४० ॥

मध्वासवो माधवको मधु माध्वीकमद्वयोः ।

महुवासे उत्पन्न मदिराके नाम ४-मध्वासव १ माधवक २ मधु ३ माध्वीक ४ ॥

मैरेयमासवः सीधु-

गुड़सीराकी मदिराके नाम ३-मैरेय १ आसव २ सीधु ३ ॥

-र्मेदको जगलः समौ ॥ ४१ ॥

मदिराके फोकसके नाम २—मेदक १ जगल २ ॥ ४१ ॥

संधानं स्यादभिषवः—

मदिरा करनेके नाम २-संधान १ अभिषव २॥

किण्वं पुंसि तु नग्नहूः ।

तंदुलादि द्रव्यसे बने हुए मद्यके नाम २–किण्व १ नग्नहू २ ॥

कारोत्तरः सुरामण्ड—

मदिराके मण्डके नाम २—कारोत्तर १ सुरामण्ड २ ॥

आपानं पानगोष्ठिका ॥ ४२ ॥

दारू पीनेकी सभाके नाम २–आपान १ पानगोष्ठिका २ ॥ ४२ ॥

चषकोऽस्त्री पानपात्रं—

दारू पीनेके वर्त्तन (प्याले) के नाम २–चषक १ पानपात्र २ ॥

–सरकोऽप्यनुतर्षणम् ।

मदिरा पीनेके नाम २–सरक १ अनुतर्षण २ ॥

धूर्तोऽक्षदेवी कितवोऽक्षधूर्तो द्यूतकृत्समाः ॥ ४३ ॥

जुआरीके नाम ५–धूर्त १ अक्षदेविन् २ कितव ३ अक्षधूर्त्त ४ द्यूतकृत् ५ ॥ ४३ ॥

स्युर्लग्नकाः प्रतिभुवः—

जामिनके नाम २–लग्नक १ प्रतिभू २ ॥

–सभिका द्यूतकारकाः ।

जुवा खिलानेवालेके नाम २—सभिक १ द्यूतकारक २ ॥

द्यूतोऽस्त्रियामक्षवती कैतवं पण इत्यपि ॥ ४४ ॥

जुएके नाम ४–द्यूत १ अक्षवती २ कैतव ३ पण ४ ॥ ४४ ॥

पणोऽक्षेषु ग्लहो—

बाजी लगानेके नाम २–पण १ ग्लह २ ॥

—ऽक्षास्तु देवनाः पाशकाश्च ते ।

पासेके नाम ३–अक्ष १ देवन २ पाशक ३ ॥

परिणायस्तु शारीणां समन्तान्नयनेऽस्त्रियाम् ॥ ४५ ॥

सारक इधर उधर फेरनेवालेका नाम १–परिणाय १ ॥ ४५ ॥

अष्टापदं शारिफलं–

बिसायती (चौपड़) के नाम २–अष्टापद १ शारिफल २ ॥

–प्राणिद्यूतं समाह्वयः ।

मुरगा आदि जीवोंकी लड़ाईरूप द्यूतके नाम २–प्राणिद्यूत १ समाह्वय २ ॥

उक्ता भूरिप्रयोगत्वादेकस्मिन्नेव यौगिकाः ॥ ४६ ॥ ताद्धर्म्यादन्यतो वृत्तावूह्या लिङ्गान्तरेऽपि ते ।

इस वर्गमें जो यौगिक मालाकार मार्दंगिक वैणविक आदि शब्द काव्यादिकोंके अधिक प्रयोग के अनुसार केवल पुंलिंगमें ही कहे है वे शब्द व्याकरणके नियमानुसार स्त्रीलिंग नपुंसकलिंगमें भी होते हैं, जैसे मालाकारकी स्त्री मालाकारी और मालाकारका कुल मालाकार इसी प्रकार सर्वत्र जानना ।

इत्यमरसिंहकृतौ नामलिंगानुशासने । भूम्यादिकाण्डो द्वितीयः सांग एव समर्थितः ॥ ४७ ॥

इति श्रीमदमरसिंहविरचितामरकोशे ज्वालाप्रसादकृतभाषाटीकायां द्वितीयः काण्डः समाप्तः ॥ २ ॥

इति द्वितीयः काण्डः ॥ २ ॥

श्रीः ।

अथ तृतीयः काण्डः ।

अथ विशेष्यनिघ्नवर्गः १.

विशेष्यनिघ्नैः संकीर्णैर्नानार्थैरव्ययैरपि॥ लिंगादिसंग्रहैर्वर्गाः सामान्ये वर्गसंश्रयाः ॥ १ ॥

इस सामान्य तृतीयकाण्डमें स्वर्गादि वर्गोंके आश्रित शब्द विशेष्यनिघ्नवर्ग, सङ्कीर्णवर्ग, नानार्थ-वर्ग, अव्ययवर्ग, और लिंगादिसंग्रहवर्गके द्वारा कहेंगे ॥ १ ॥

स्त्रीदाराद्यैर्यद्विशेष्यं यादृशैः प्रस्तुतं पदैः। गुणद्रव्याक्रियाशब्दास्तथा स्युस्तस्य भेदकाः ॥

स्त्री दार आदि विशेष्यभूत पदोंमें जो लिङ्ग और संख्या हो वही लिङ्ग और सख्या गुण और द्रव्य तथा क्रिया वाचकशब्दोंमें होनेसे दार स्त्री आदि शब्दोंके गुण द्रव्य क्रियावाचक शब्द विशेषण हो सकते है. जैसे-सुकृतिनी स्त्री, सुकृतिनो दाराः, सुकृति कलत्रम् । दण्डिनी स्त्री, दण्डिनो दाराः, दण्डि कलत्रम् । पाचिका स्त्री, पाचका दाराः, पाचक कलत्रम् ॥ २ ॥

सुकृती पुण्यवान् धन्यो—

भाग्यवान् पुरुषके नाम ३–सुकृतिन् १ पुण्यवत् २ धन्य ३ ॥

–महेच्छस्तु महाशयः ।

उदारचित्त पुरुषके नाम २–महेच्छ १ महाशय २ ॥

हृदयालुः सुहृदयो–

शुद्धचित्त पुरुषके नाम २–हृदयालु १ सुहृदय२

–महोत्साहो महोद्यमः ॥ ३ ॥

बहुत उद्यम करनेवाले पुरुषके नाम २–महोत्साह १ महोद्यम २ ॥ ३ ॥

प्रवीणे निपुणाभिज्ञविज्ञनिष्णातशिक्षिताः । वैज्ञानिकः कृतमुखः कृती कुशल इत्यपि ॥ ४ ॥

चतुर पुरुषके नाम १०–प्रवीण १ निपुण २ अभिज्ञ ३ विज्ञ ४ निष्णात ५ शिक्षित ६ वैज्ञानिक ७ कृतमुख ८ कृतिन् ९ कुशल १० ॥ ४ ॥

पूज्यः प्रतीक्ष्यः—

मान्य पुरुषके नाम २–पूज्य १ प्रतीक्ष्य ॥ २ ॥

सांशयिकः संशयापन्नमानसः ।

संशय करानेवाली वस्तुके नाम २—सांशयिक १ संशयापन्नमानस २ ॥

दक्षिणीयो दक्षिणार्हस्तत्र दक्षिण्य इत्यपि ॥ ५ ॥

दक्षिणाके योग्य पुरुषके नाम ३–दक्षिणीय १ दक्षिणार्ह २ दक्षिण्य ३ ॥ ५ ॥

स्युर्वदान्यस्थूललक्ष्यदानशौण्डा बहुप्रदे

अतिदानी पुरुषके नाम ४–वदान्य १ स्थूललक्ष्य २ दानशौण्ड ३ बहुप्रद ४ ॥

जैवातृकः स्यादायुष्मा–

दीर्घायु पुरुषके नाम २–जैवातृक १ आयुष्मत् २

नन्तर्वाणिस्तु शास्त्रवित ॥ ६ ॥

शास्त्रीके नाम २—अन्तर्वाणि १ शास्त्रविद् २ ॥ ६ ॥

परीक्षकः कारणिको—

परीक्षकके नाम २–परीक्षक १ कारणिक २ ॥

–वरदस्तु समर्धकः ।

वरदान देनेवालेके नाम २–वरद १ समर्धक २ ।

हर्षमाणो विकुर्वाणः प्रमना हृष्टमानसः ॥ ७ ॥

प्रसन्नके नाम ४–हर्षमाण १ विकुर्वाण २ प्रमनस् ३ हृष्टमानस ४ ॥ ७ ॥

दुर्मना विमना अन्तर्मनाः–

उदास पुरुषके नाम ३–दुर्मनस् १ विमनस् २ अन्तर्मनस् ३ ॥

–स्यादुत्क उन्मनाः ।

उत्कण्ठायुक्त पुरुषके नाम २–उत्क १ उन्मनस् २ ॥

दक्षिणे सरलोदारौ–

सीधे पुरुषके नाम ३–दक्षिण १ सरल २ उदार ३ ॥

–सुकलो दातृभोक्तरि ॥ ८ ॥

दानी और भोगी पुरुषका नाम १–सुकल १ ॥ ८ ॥

तत्परे प्रसितासक्ता–

कार्य्यविशेषमें चित्त लगानेवाले पुरुषके नाम ३–तत्पर १ प्रसित २ आसक्त ३ ॥

–विष्टार्थोद्युक्त उत्सुकः ।

अभीष्ट वस्तुके प्राप्त करनेमें तत्पर पुरुषके नाम २–इष्टार्थोद्युक्त १ उत्सुक २ ॥

प्रतीते प्रथितख्यातवित्तविज्ञातविश्रुताः ॥ ९ ॥

प्रसिद्ध पुरुषके नाम ६–प्रतीत १ प्रथित २ ख्यात ३ वित्त ४ विज्ञात ५ विश्रुत ६ ॥ ९ ॥

गुणैः प्रतीते तु कृतलक्षणाहितलक्षणौ ।

गुणोंसे प्रसिद्ध पुरुषके नाम २–कृतलक्षण १ आहितलक्षण २ ॥

इभ्य आढ्यो धनी–

धनी पुरुषके नाम ३–इभ्य १ आढ्य २ धनिन् ३

–स्वामी त्वीश्वरः पतिरीशिता ॥ १० ॥ अधिभूर्नायको नेता प्रभुः परिवृढोऽधिपः ।

स्वामीके नाम १०–स्वामिन् १ ईश्वर २ पति ३ ईशितृ ४ ॥ १० ॥ अधिभू ५ नायक ६ नेतृ ७ प्रभु ८ परिवृढ ९ अधिप १० ॥

अधिकर्द्धिः समृद्धः स्यात्–

सम्पत्तिमान् पुरुषके नाम २–अधिकर्धि १ समृद्ध २ ॥

–कुटुम्बव्यापृतस्तु यः ॥ ११ ॥ स्यादभ्यागारिकस्तस्मिन्नुपाधिश्च पुमानयम् ।

कुटुम्बके पालन करनेमें तत्पर पुरुषके नाम ३–कुटुम्बव्यापृत १ ॥ ११ ॥ अभ्यागारिक २ उपाधि ३ ॥

वारांगरूपोपेतो यः सिंहसंहननो हि सः ॥ १२ ॥

अङ्ग और रूपसे अतिश्रेष्ठ पुरुषका नाम १–सिंहसंहनन १ ॥ १२ ॥

निर्वार्यः कार्यकर्ता यः सम्पन्नः सत्त्वसम्पदा ।

जो दुःखमें भी प्रसन्नताके साथ कार्य्य किया करता है उस पुरुषका नाम १–निर्वार्य १ ॥

अवाचि मूको–

गूँगे पुरुषके नाम २–अवाच् १ मूक २ ॥

–ऽथ मनोजवसः पितृसन्निभः ॥ १३ ॥

जो पुरुष पिताके समान माना जाय उस पुरुषके नाम २–मनोजवस् १ पितृसन्निभ २ ॥ १३ ॥

सत्कृत्यालंकृतां कन्यां यो ददाति स कूकुदः ।

जो वरको आदरपूर्वक वस्त्र भूषण सहित कन्यादान दे उस पुरुषका नाम १–कूकुद १ ॥

लक्ष्मीवांल्लक्ष्मणः श्रीलः श्रीमान्–

शोभावान्‌के नाम ४—लक्ष्मीवत् १ लक्ष्मण २ श्रील ३ श्रीमत् ४ ॥

स्निग्धस्तु वत्सलः ॥ १४ ॥

स्नेही पुरुषके नाम २—स्निग्ध १ वत्सल २ ॥ १४ ॥

स्याद्दयालुः कारुणिकः कृपालुः सूरतः समाः ।

दयावान् पुरुषके नाम ४—दयालु १ कारुणिक २ कृपालु ३ सूरत ॥ ४ ॥

स्वतन्त्रोऽपावृतः स्वैरी स्वच्छन्दो निरवग्रहः ॥ १५ ॥

स्वतन्त्र पुरुषके नाम ५—स्वतन्त्र १ अपावृत २ स्वैरिन् ३ स्वच्छन्द ४ निरवग्रह ५ ॥ १५ ॥

परतन्त्रः पराधीनः परवान्नाथवानपि ।

पराधीन पुरुषके नाम ४—परतन्त्र १ पराधीन २ परवत् ३ नाथवत् ४ ॥

अधीनो निघ्न आयत्तोऽस्वच्छन्दो गृह्यकोऽप्यसौ ॥ १६ ॥

अधीनके नाम ५—अधीन १ निघ्न २ आयत्त ३ अस्वच्छन्द ४ गृह्यक ५ ॥ १६ ॥

खलपूः स्याद्बहुकरो—

बुहारने झारनेवाले मनुष्यके नाम २—खलपू १ बहुकर २ ॥

दीर्घसूत्रश्चिरक्रियः ।

दीर्घसूत्र (थोड़ी देरके कामको बहुत देरमें करनेवालों) के नाम २—दीर्घसूत्र १ चिरक्रिय २॥

जाल्मोऽसमीक्ष्यकारी स्यात्—

विना विचारे कार्य करनेवाले पुरुषके नाम २—जाल्म १ असमीक्ष्यकारिन् २ ॥

—कुण्ठो मन्दः क्रियासु यः ॥ १७ ॥

आलसी वा मूढ़ पुरुषका नाम १—कुण्ठ १ १७।

कर्मक्षमोऽलंकर्मीणः—

कार्य्य करनेमें समर्थ पुरुषके नाम २—कर्मक्षम १ अलंकर्मीण २ ॥

क्रियावान्कर्मसूद्यतः ।

कार्य करनेमें तत्पर पुरुषका नाम १—क्रियावत् १

स कार्मः कर्मशीलो यः—

जो नित्य काममें लगा रहे उस पुरुषके नाम २—कार्म १ कर्मशील २ ॥

कर्मशूरस्तु कर्मठः ॥ १८ ॥

प्रयत्नपूर्वक जो कार्यको समाप्त करे उस पुरुषके नाम २—कर्मशूर १ कर्मठ २ ॥ १८ ॥

—भरण्यभुक्कर्मकरः—

मजदूरके नाम २—भरण्यभुज् १ कर्मकर २ ॥

—कर्मकारस्तु तत्क्रियः ।

विना मजूरीके भी जो कार्य कर दे उस पुरुषका नाम १—कर्मकार १ ॥

अपस्नातो मृतस्नात—

किसीके मरनेके अनन्तर स्नान किये हुए पुरुषके नाम २—अपस्नात १ मृतस्नात २ ॥

आमिषाशी तु शौष्कुलः ॥ १९ ॥

मांस खानेवाले पुरुषके नाम २—आमिषाशिन् १ शौष्कुल २ ॥ १९ ॥

बुभुक्षितः स्यात्क्षुधितो जिघत्सुरशनायितः ।

भूखे पुरुषके नाम ४—बुभुक्षित १ क्षुधित २ जिघत्सु ३ अशनायित ४ ॥

परान्नः परपिण्डादो—

जो पराये ही अन्नसे जीता हो उस पुरुषके नाम २—परान्न १ परपिण्डाद २ ॥

—भक्षको घस्मरोऽद्मरः ॥ २० ॥

खानेवालेके नाम ३—भक्षक १ घस्मर २ अद्मर ३ ॥ २० ॥

आद्यूनः स्यादौदरिको विजिगीषाविवर्जिते ॥

अत्यन्त ही भूखे पुरुषके नाम २—आद्यून १ औदरिक २ ॥

उभौ त्वात्मंभरिः कुक्षिंभरिः स्वोदरपूरके ॥ २१ ॥

पेटको ही भरनेवाले पुरुषके नाम २—आत्मम्भरि १ कुक्षिम्भरि २ ॥ २१ ॥

सर्वान्नीनस्तु सर्वान्नभोजी—

जो सब वर्णोंका अन्न भोजन कर लेता हो उस पुरुषके नाम २—सर्वान्नीन १ सर्वान्नभोजिन् २ ॥

—गृध्नुस्तु गर्धनः । लुब्धोऽभिलाषुकस्तृष्णक्—

लोभी पुरुषके नाम ५—गृध्नु १ गर्धन २ लुब्ध ३ अभिलाषुक ४ तृष्णज् ५ ॥

—समौलोलुपलोलुभौ ॥ २२ ॥

अतिलोभीके नाम २—लोलुप १ लोलुभ २ २२।

सोन्मादस्तून्मदिष्णुः स्या—

उन्मत्तपुरुषके नाम २—सोन्माद १ उन्मदिष्णु२।

—दविनीतः समुद्धतः ।

अन्यायी पुरुषके नाम २—अविनीत १ समुद्धत २ ॥

मत्ते शौण्डोत्कटक्षीबाः

मतवालेके नाम ४—मत्त १ शौण्ड २ उत्कट ३ क्षीब ४ ॥

—कामुके कमिताऽनुकः ॥ २३ ॥ कम्रः कामयिताभीकः कमनः कामनोऽभिकः ।

कामीके नाम ९—कामुक १ कमितृ २ अनुक ३ ॥ २३ ॥ कम्र ४ कामयितृ ५ अभीक ६ कमन ७ कामन ८ अभिक ९ ॥

विधेयो विनयग्राही वचनेस्थित आश्रवः ॥ २४ ॥

वचन ग्रहण करनेवाले पुरुषके नाम ४—विधेय १ विनयग्राहिन् २ वचनेस्थित ३ आश्रव ४ ।२४।

वश्यः प्रणेयो—

वशीभूतके नाम २—वश्य १ प्रणेय २ ॥

—निभृतविनीतप्रश्रिताः समाः ।

नम्र पुरुषके नाम ३—निभृत १ विनीत २ प्रश्रित ३ ॥

धृष्टे धृष्णग्वियातश्च—

धीठ पुरुषके नाम ३—धृष्ट १ धृष्णज् २ वियात ३ ॥

प्रगल्भः प्रतिभान्विते ॥ २५ ॥

अति धीठ निर्भर पुरुषके नाम २—प्रगल्भ १ प्रतिभान्वित २ ॥ २५ ॥

स्यादधृष्टे तु शालीनो—

लज्जावान् पुरुषके नाम २—अधृष्ट १ शालीन २।

विलक्षो विस्मयान्विते ।

अचम्भेमें पड़े हुए पुरुषके नाम २—विलक्ष १ विस्मयान्वित २ ॥

अधीरे कातर—

व्याकुल हुए पुरुषके नाम २—अधीर १ कातर २

त्रस्ते भीरुभीरुकभीलुकाः ॥२६॥

डरपोकके नाम ४—त्रस्त १ भीरु २ भीरुक ३ भीलुक ४ ॥ २६ ॥

आशंसुराशंसितरि—

इष्ट अर्थप्राप्तिकी इच्छावाले पुरुषके नाम २—आशंसु १ आशंसितृ २ ॥

—गृहयालुर्ग्रहीतरि ।

लेनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २— गृहयालु १ ग्रहीतृ २ ॥

श्रद्धालुः श्रद्धया युक्ते—

श्रद्धायुक्त स्वभाववाले पुरुषका नाम१—श्रद्धालु१

—पतयालुस्तु पातुके ॥ २७ ॥

गिरनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २—पतयालु १ पातुक २ ॥ २७ ॥

लज्जाशीलेऽपत्रपिष्णु—

लज्जाशील पुरुषके नाम २—लज्जाशील १ अपत्रपिष्णु २ ॥

—वन्दारुरभिवादके ।

वन्दना करनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २—वन्दारु १ अभिवादक २ ॥

शरारुर्घातुको हिंस्रः—

हिंसा करनेके स्वभाववाले पुरुषके नाम ३—शरारु १ घातुक २ हिंस्र ३ ॥

—स्याद्वर्द्धिष्णुस्तु वर्धनः ॥ २८ ॥

बढ़नेके स्वभाववाले पुरुषके नाम २ वर्द्धिष्णु १ वर्धन २ ॥ २८ ॥

उत्पतिष्णुस्तूत्पतिता—

कूदनेके स्वभाववालेके नाम २—उत्पतिष्णु १ उत्पतितृ २ ॥

—ऽलंकरिष्णुस्तु मण्डनः ।

भूषण आदि पहरनेके स्वभाववालेके नाम २—अलंकरिष्णु १ मंडन २ ॥

भूष्णुर्भविष्णुर्भविता—

होनेके स्वभाववालेके नाम ३—भूष्णु १ भविष्णु २ भवितृ ३ ॥

वर्तिष्णुर्वर्तनः समौ ॥ २९ ॥

बर्त्ताव करनेके स्वभाववालेके नाम २—वर्तिष्णु १ वर्त्तन २ ॥ २९ ॥

निराकरिष्णुः क्षिप्नुः स्यात्—

तिरस्कार करनेके स्वभाववालेके नाम २—निराकरिष्णु १ क्षिप्नु २ ॥

—सान्द्रस्निग्धस्तु मेदुरः ।

सघन और चिकनेका नाम १—मेदुर १ ॥

ज्ञाता तु विदुरो विन्दु—

जाननेके स्वभाववालेके नाम ३—ज्ञातृ १ विदुर २ विन्दु ३ ॥

विकासी तु विकस्वरः ॥ ३० ॥

खिलनेके स्वभाववालेके नाम २—विकासिन् १ विकस्वर २ ॥ ३० ॥

विसृत्वरो विसृमरः प्रसारी च विसारिणि ।

फलनेके स्वभाववालेके नाम ४—विसृत्वर १ विसृमर २ प्रसारिन् ३ विसारिन् ४ ॥

सहिष्णुः सहनः क्षन्ता तितिक्षुः क्षमिता क्षमी ॥ ३१ ॥

सहनशीलवालेके नाम ६—सहिष्णु १ सहन २ क्षन्तृ ३ तितिक्षु ४ क्षमितृ ५ क्षमिन् ६ ॥ ३१ ॥

क्रोधनोऽमर्षणः कोपी—

क्रोधके स्वभाववालेके नाम ३—क्रोधन १ अमर्षण २ कोपिन् ३ ॥

—चण्डस्त्वत्यन्तकोपनः ।

अत्यन्त क्रोधके स्वभाववालेके नाम २—चण्ड १ अत्यन्तकोपन २ ॥

जागरूको जागरिता—

जागनेके स्वभाववालेके नाम २—जागरूक १ जागरितृ २ ॥

घूर्णितः प्रचलायितः ॥ ३२ ॥

घूमनेवालेके नाम २—घूर्णित १ प्रचलायित २ ॥ ३२ ॥

स्वप्नक्शयालुर्निद्रालु—

निद्रालुके नाम ३—स्वप्नक् १ शयालु २ निद्रालु ३ ॥

निद्राणशयितौ समौ ।

शयन करनेवालेके नाम २- निद्राण १ शयित २ ॥

पराङ्मुखः पराचीनः—

विमुखके नाम २—पराङ्मुख १ पराचीन २ ॥

—स्यादवाङ्प्यधोमुखः ॥ ३३ ॥

नीचेको मुख करनेवालेके नाम २—अवाच् १ अधोमुख २ ॥ ३३ ॥

देवानञ्चति देवद्र्यङ्—

देवताओंकी पूजा करनेवालेका नाम १—देव[द्र्यच् १] ॥

-विष्वद्र्यङ् विष्वगञ्चति ।

सब ओर जानेवालेका नाम १--विष्वद्र्यच् १ ॥

यः सहाञ्चति सध्र्यङ् सः—

साथ रहनेवालेका नाम १-- सध्र्यच् १ ॥

—स तिर्यङ् यस्तिरोऽञ्चति ॥ ३४ ॥

टेढे चलनेवालेका नाम १--तिर्यच् १ ॥ ३४ ॥

वदो वदावदो वक्ता—

वक्ताके नाम ३--वद १ वदावद २ वक्तृ ३ ॥

-वागीशो वाक्पतिः समौ ।

चातुर्ययुक्त बोलनेवालेके नाम २--वागीश १ वाक्पति २ ॥

वाचोयुक्तिपटुर्वाग्मी वावदूकोऽतिवक्तरि ॥ ३५ ॥

शास्त्रानुसार अत्यन्त बोलनेवालेके नाम ४-- वाचोयुक्तिपटु १ वाग्मिन् २ वावदूक ३ अतिवक्तृ ४ ॥ ३५ ॥

स्याज्जल्पाकस्तु वाचालो वाचाटो बहुगर्ह्यवाक् ।

अतिनिन्दित भाषण करनेवालेके नाम ४-- जल्पाक १ वाचाल २ वाचाट ३ बहुगर्ह्यवाच् ४ ॥

दुर्मुखे मुखराबद्धमुखौ—

अप्रिय बोलनेवालेके नाम ३--दुर्मुख १ मुखर २ अबद्धमुख ३ ॥

शक्लः प्रियंवदे ॥ ३६ ॥

प्रिय बोलनेवालेके नाम २—शक्ल १ प्रियंवद ॥२ ॥ ३६

लोहलः स्यादस्फुटवा—

जो स्फुट न बोलता हो उस पुरुषके नाम २-- लोहल १ अस्फुटवाच् २ ॥

गर्ह्यवादी तु कद्वदः ।

निन्दित वाक्य बोलनेवाले पुरुषके नाम २-- गर्ह्यवादिन् १ कद्वद २ ॥

समौ कुवादकुचरौ—

बुराई कहनेवालेके नाम २--कुवाद १ कुचर २

—स्यादसौम्यस्वरोऽस्वरः ॥ ३७ ॥

रूखे स्वरवालेके नाम २--असौम्यस्वर १ अस्वर २ ॥ ३७ ॥

रवणः शब्दनो—

चिल्लानेवालेके नाम २--रवण १ शब्दन २ ॥

-नान्दीवादी नान्दीकरः समौ ।

नान्दीवादी अर्थात् नाटकके आरम्भमें स्तुतिविशेष करनेवालेके नाम २--नान्दीवादिन् १ नान्दीकर २ ॥

जडोऽज्ञ—

महामूर्खके नाम २--जड १ अज्ञ २ ॥

एडमूकस्तु वक्तुं श्रोतुमशिक्षिते ॥ ३८ ॥

जो गूगा बहिरा दोनों हो उसका नाम १--एडमूक १ ॥ ३८ ॥

तूष्णींशीलस्तु तूष्णीको—

मौन रहनेवाले पुरुषके नाम २--तूष्णींशील १ तूष्णीक २ ॥

नग्नोऽवासा दिगम्बरे ।

नग्न पुरुषके नाम ३—नग्न १ अवासस् २ दिगम्बर ३ ॥

निष्कासितोऽवकृष्टः स्या—

निकाले हुएके नाम २—निष्कासित १ अवकृष्ट २ ॥

-दपध्वस्तस्तु धिक्कृतः ॥ ३९ ॥

धिक्कार दिये हुए पुरुषके नाम २--अपध्वस्त १ धिक्कृत २ ॥ ३९ ॥

आत्तगर्वोऽभिभूतः स्या-

तिरस्कारको प्राप्त हुए पुरुषके नाम २--आत्तगर्व १ अभिभूत २ ॥

-दापितः साधितः समौ ।

धनादि दिलाकर वशमें किये हुए पुरुषके नाम

२–दापित १ साधित २ ॥

प्रत्यादिष्टो निरस्तः स्यात्प्रत्याख्यातो निराकृतः ॥ ४० ॥

निरादरको प्राप्त हुए पुरुषके नाम ४–प्रत्यादिष्ट १ निरस्त २ प्रत्याख्यात ३ निराकृत ४ ॥ ४० ॥

निकृतः स्याद्विप्रकृतो—

बुरे रूपवालेके नाम २–निकृत १ विप्रकृत २ ॥

–विप्रलब्धस्तु वञ्चितः ।

ठगे हुए पुरुषके नाम २–विप्रलब्ध १ वञ्चित २ ॥

मनोहतः प्रतिहतः प्रतिबद्धो हतश्च सः ॥ ४१ ॥

मनोहत पुरुषके नाम ४–मनोहत १ प्रतिहत २ प्रतिबद्ध ३ हत ४ ॥ ४१ ॥

अधिक्षिप्तः प्रतिक्षिप्तो–

जिसके ऊपर आक्षेप किया गया हो उस पुरुष के नाम २–अधिक्षिप्त १ प्रतिक्षिप्त २ ॥

—बद्धे कीलितसंयतौ ।

बांधे हुएके नाम ३–बद्ध १ कीलित २ संयत ३

आपन्न आपत्प्राप्तः स्यात्—

आपत्तिको प्राप्त हुए पुरुषके नाम २–आपन्न १ आपत्प्राप्त २ ॥

कांदिशीको भयद्रुतः ॥ ४२ ॥

भयसे भागे हुएके नाम २–कांदिशीक १ भयद्रुत २ ॥ ४२ ॥

आक्षारितः क्षारितोऽभिशस्ते–

मैथुनके निमित्त वृथा दोष लगाये हुए पुरुषके नाम ३–आक्षारित १ क्षारित २ अभिशस्त ३ ॥

–संकसुकोऽस्थिरे ।

चंचल स्वभाववाले पुरुषके नाम २–संकसुक १ अस्थिर २ ॥

व्यसनार्तोपरक्तौ द्वौ—

दैवी और मानुषी पीड़ासे युक्त पुरुषके नाम २–व्यसनार्त १ उपरक्त २ ॥

विहस्तव्याकुलौ समौ ॥ ४३ ॥

शोकादिसे व्याकुल पुरुषके नाम २–विहस्त १ व्याकुल २ ॥ ४३ ॥

विक्लवो विह्वलः–

विकल पुरुषके नाम २–विक्लव १ विह्वल २ ॥

स्यात्तु विवशोऽरिष्टदुष्टधीः ।

मरणके समीप आनेसे जिसकी बुद्धि विपरीत हो जाय उस पुरुषके नाम २–विवश १ अरिष्टदुष्टधी २ ॥

कश्यः कशार्हे–

बेत मारने योग्यके नाम २–कश्य १ कशार्ह २॥

–सन्नद्धे त्वाततायी वधोद्यते ॥ ४४ ॥

मारनेको उद्यतका नाम १–आततायिन् १ ४४

द्वेष्ये त्वक्षिगतो–

द्वेष करने लायकके नाम २—द्वेष्य १ अक्षिगत २ ॥

–वध्यः शीर्षच्छेद्य इमौ समौ ॥

शिर काटने योग्यके नाम २–वध्य १ शीर्षच्छेद्य २ ॥

विष्यो विषेण यो वध्यो—

विषकरके मारने योग्यका नाम १—विष्य १॥

मुसल्यो मुसलेन यः ॥ ४५ ॥

मुसलसे मारने योग्यका नाम १—मुसल्य १ ॥ ४५ ॥

शिश्विदानोऽकृष्णकर्मा —

पापकर्म न करनेवाले पुरुषके नाम २–शिश्विदान १ अकृष्णकर्मन् २ ॥

चपलश्चिकुरः समौ ।

बिना दोष विचारे मारनेवालेके नाम २—चपल १ चिकुर २ ॥

दोषैकदृक्पुरोभागी–

केवल दोषकी ही दृष्टि करनेवालेके नाम २—दोषैकदृश् १ पुरोभागिन् २ ॥

निकृतस्त्वनृजुः शठः ॥ ४६ ॥

कुटिलहृदयके नाम ३—निकृत १ अनृजु २ शठ ३ ॥ ४६ ॥

कर्णेजपः सूचकः स्यात्–

चुगलखोरके नाम २–कर्णेजप १ सूचक २ ॥

–पिशुनो दुर्जनः खलः ।

आपसमें भेद करानेवालेके नाम ३–पिशुन १ दुर्जन २ खल ३ ॥

नृशंसो घातुकः क्रूरः पापो–

घातक अथवा कठोर पुरुषके नाम ४–नृशंस १ घातुक २ क्रूर ३ पाप ४ ॥

—धूर्तस्तु वञ्चकः ॥ ४७ ॥

ठगके नाम २–धूर्त १ वञ्चक २ ॥ ४७ ॥

अज्ञे मूढयथाजातमूर्खवैधेयबालिशाः ।

मूर्खके नाम ६–अज्ञ १ मूढ २ यथाजात ३ मूर्ख ४ वैधेय ५ बालिश ६ ॥

कदर्ये कृपणक्षुद्रकिंपचानमितंपचाः ४८

कृपणके नाम ५–कदर्य १ कृपण २ क्षुद्र ३ किंपचान ४ मितम्पच ५ ॥ ४८ ॥

निःस्वस्तु दुर्विधो दीनो दरिद्रो दुर्गतोऽपि सः ।

दरिद्र पुरुषके नाम ५-निःस्व १ दुर्विध २ दीन ३ दरिद्र ४ दुर्गत ५ ॥

वनीयको याचनको मार्गणो याचकार्थिनौ ॥ ४९ ॥

मांगनेवालेके नाम ५–वनीयक १ याचनक २ मार्गण ३ याचक ४ अर्थिन् ५ ॥ ४९ ॥

अहंकारवानहंयुः—

अहंकारयुक्त पुरुषके नाम २–अहंकारवत् १ अहंयु २ ॥

–शुभंयुस्तु शुभान्वितः ।

शुभयुक्त पुरुषके नाम २–शुभंयु १ शुभान्वित २

दिव्योपपादुका देवा–

देवताओंका नाम १–दिव्योपपादुक १ ॥

–नृगवाद्या जरायुजाः ॥ ५० ॥

मनुष्य, गौ आदि 'जरायुज' कहलाते हैं ॥ ५०

स्वेदजाः कृमिदंशाद्या—

कीडा और डांस आदि 'स्वेदज' कहलाते हैं ॥

—पक्षिसर्पाद्योऽण्डजाः।

पक्षी, सर्पादि 'अण्डज' कहलाते हैं ॥

(इति प्राणिवर्गः)

उद्भिदस्तरुगुल्माद्या–

वृक्ष, वेल, घास आदि 'उद्भिद्' कहलाते हैं ॥

उद्भिदुद्भिज्जमुद्भिदम् ॥ ५१ ॥

उद्भिद्के नाम ३–उद्भिद् १ उद्भिज्ज २ उद्भिद ३ ॥ ५१ ॥

सुन्दरं रुचिरं चारु सुषमं साधु शोभनम्। कांतं मनोरमं रुच्यं मनोज्ञं मञ्जु मञ्जुलम्।। ५२ ॥

सुन्दरके नाम १२—सुन्दर १ रुचिर २ चारु ३ सुषम ४ साधु ५ शोभन ६ कान्त ७ मनोरम ८ रुच्य ९ मनोज्ञ १० मञ्जु ११ मञ्जुल १२ ॥५२॥

तदासेचनकं तृप्तेर्नास्त्यन्तो यस्य दर्शनात् ।

जिसके देखनेसे तृप्तिके अन्तको प्राप्त न हो उसका नाम १–आसेचनक १ ॥

अभीष्टेऽभीप्सितं हृद्यं दयितं वल्लभं प्रियम् ॥ ५३ ॥

प्रियके नाम ६—अभीष्ट १ अभीप्सित २ हृद्य ३ दयित ४ वल्लभ ५ प्रिय ६ ॥ ५३ ॥

निकृष्टप्रतिकृष्टार्वरेफयाप्यावमाधमाः। कुपूयकुत्सितावद्यखेटगर्ह्याणकाः समाः ॥ ५४ ॥

अधमके नाम १३–निकृष्ट १ प्रतिकृष्ट २ अर्वन् ३ रेफ ४ याप्य ५ अवम ६ अधम ७ कुपूय ८ कुत्सित ९ अवद्य १० खेट ११ गर्ह्य १२ अणक १३ ॥ ५४ ॥

मलीमसं तु मलिनं कच्चरं मलदूषितम्

मलिनके नाम ४—मलीमस १ मलिन २ कच्चर ३ मलदूषित ४ ॥

पूतं पवित्रं मेध्यं च-

पवित्रके नाम ३—पूत १ पवित्र २ मेध्य ३ ॥

—वीध्रं तु विमलार्थकम् ॥ ५५ ॥

स्वभावसे निर्मलके नाम २—वीध्र १ विमलार्थक २ ॥ ५५ ॥

निर्णिक्तं शोधितं मृष्टं निःशोध्यमनवस्करम् ।

शुद्ध किये हुएके नाम ५—निर्णिक्त १ शोधित २ मृष्ट ३ निःशोध्य ४ अनवस्कर ५ ॥

—असारं फल्गु—

असार वस्तुके नाम २— असार १ फल्गु २ ॥

—शून्यं तु वशिकं तुच्छरिक्तके ॥ ५६ ॥

शून्यके नाम ४—शून्य १ वशिक २ तुच्छ ३ रिक्तक ४ ॥ ५६ ॥

क्लीबे प्रधानं प्रमुखप्रवेकानुत्तमोत्तमाः । मुख्यवर्यवरेण्याश्च प्रवर्होऽनवरार्ध्यवत् ॥ ५७ ॥ परार्ध्याग्रप्राग्रहरप्राग्र्याग्र्याग्रीयमग्रियम् ।

प्रधानके नाम १७—प्रधान १ प्रमुख २ प्रवेक ३ अनुत्तम ४ उत्तम ५ मुख्य ६ वर्य्य ७ वरेण्य ८ प्रवर्ह ९ अनवरार्ध्य १० ॥ ५७ ॥ परार्ध्य ११ अग्र १२ प्राग्रहर १३ प्राग्य १४ अग्र्य १५ अग्रीय १६ अग्रिय १७ ॥ ५७ ॥

श्रेयान् श्रेष्ठः पुष्कलः स्यात्सत्तमश्चातिशोभने ॥ ५८ ॥

अति सुन्दरके नाम ५—श्रेयस् १ श्रेष्ठ २ पुष्कल ३ सत्तम ४ अतिशोभन ५ ॥ ५८ ॥

स्युरुत्तरपदे व्याघ्रपुंगवर्षभकुञ्जराः । सिंहशार्दूलनागाद्याः पुंसि श्रेष्ठार्थगोचराः ॥ ५९ ॥

व्याघ्र, पुंगव, ऋषभ, कुञ्जर, सिंह, शार्दूल, नागादि शब्दोंके उत्तर आनेसे श्रेष्ठ अर्थके वाचक होते है जैसे पुरुष व्याघ्र, द्विजपुङ्गव इत्यादि ॥५९॥

अप्राग्र्यं द्वयहीने द्वे अप्रधानोपसर्जने ।

अप्रधानके नाम ३—अप्राग्र्य १ अप्रधान २ उपसर्जन ३ ॥

विशङ्कटं पृथु बृहद्विशालं पृथुलं महत् ॥ ६० ॥ वड्रोरुविपुलं—

देवताओं और पितरोंके हव्य देनेके उपयोगी वाचक अव्यय शब्द ५—स्वाहा १ श्रौषट् २ वौषट् ३ वषट् ४ स्वधा ५ पितरोंके उपयोगी प्रसिद्ध है ॥

किंचिदीषन्मनागल्पे—

अल्पके वाचक अव्यय शब्द ३— किंचित् १ ईषत् २ मनाक् ॥ ३ ॥

—प्रेत्यामुत्र भवान्तरे ॥ ८ ॥

जन्मान्तरवाचक अव्यय शब्द २— प्रेत्य १ अमुत्र

व वा यथा तथैवैवं साम्ये—

समतावाचक अव्ययशब्द ६—व १ वा २ यथा ३ तथा ४ इव ५ एवम् ६ ॥

—ऽहो ही च विस्मये ।

विस्मयवाचक अव्यय शब्द २—अहो १ ही ॥

मौने तु तूष्णीं तूष्णीकां—

मौनार्थवाचक अव्ययशब्द २—तूष्णीम् १ तूष्णीकाम् २ ॥

—सद्यः सपदि तत्क्षणे ॥ ९ ॥

तत्कालवाचक अव्ययशब्द २—सद्यस् १ सपदि २ ॥ ९ ॥

दिष्ट्या समुपजोषं चेत्यानन्दे—

आनन्दवाचक अव्ययशब्द २—दिष्ट्या १ समुपजोषम् २ ॥

—ऽथान्तरेऽन्तरा । अन्तरेण च मध्ये स्युः—

मध्यवाचक अव्ययशब्द ३—अन्तरे १ अन्तरा २ अन्तरा ३ ॥

—प्रसह्य तु हठार्थकम् ॥ १० ॥

हठार्थवाचक अव्ययशब्द १—प्रसह्य १ ॥ १० ॥

युक्ते द्वे सांप्रतं स्थाने—

युक्तार्थवाचक अव्ययशब्द २—सांप्रतम् १ स्थाने २ ॥

—ऽभीक्ष्णं शश्वदनारते ।

निरन्तरवाचक अव्ययशब्द २—अभीक्ष्णम् १ शश्वत् २ ॥

अभावे नह्य नो नापि—

अभाववाचक अव्ययशब्द ४—नहि १ अ २ नो ३ न ४ ॥

मास्म मालं च वारणे ॥ १ ॥

निषेधवाचक अव्ययशब्द ३—मास्म १ मा २ अलम् ३ ॥ ११ ॥

पक्षांतरे चेद्यदि च—

पक्षान्तरवाचक अव्ययशब्द २—२ चेत् १ यदि २

—तत्त्वे त्वद्धाञ्जसा द्वयम् ।

तत्त्वार्थवाचक अव्ययशब्द २—अद्धा १ अञ्जसा २

प्राकाश्ये प्रादुराविः स्यात्—

प्रकटवाचक अव्ययशब्द २—प्रादुस् १ आविस् २

ओमेवं परमं मते ॥ १२ ॥

अङ्गीकारवाचक अव्ययशब्द ३—ओम् १ एवम् २ परमम् ३ ॥ १२ ॥

समन्ततस्तु परितः सर्वतो विष्वगित्यपि ।

सब ओरवाचक अव्ययशब्द ४—समन्ततः परितः २ सर्वतः ३ विष्वक् ४ ॥

अकामानुमतौ कामम्—

विना इच्छाके सलाह देनेमें १—कामम् १ ॥

—मसूयोपगमेऽस्तु च ॥ १३ ॥

ईर्षापूर्वक अङ्गीकारवाचक १—अस्तु १ ॥ १३ ॥

ननु च स्याद्विरोधोक्तौ—

विरुद्धउक्तिवाचकः १—ननु १ ॥

-कच्चित्कामप्रवेदने।

इच्छित प्रश्नवाचक १-कच्चित् १ ॥

निःषमं दुःषमं गर्ह्ये-

निन्दितवाचक २-निःषमम् १ दुःषमम् २ ॥

-यथास्वं तु यथायथम्॥ १४ ॥

यथायोग्यवाचक २-यथास्वम् १ यथायथम् २ ॥ १४ ॥

मृषा मिथ्या च वितथे-

मिथ्यावाचक २-मृषा १ मिथ्या २ ॥

-यथार्थं तु यथातथम्।

सत्यवाचक २-यथार्थम् १ यथातथम् ॥

स्युरेवं तु पुनर्वैवेत्यवधारणवाचकाः ॥ १५ ॥

निश्चयवाचक ५-एवम् १ तु २ पुनर ३ वै ४ वा ५ ॥ १५ ॥

प्रागतीतार्थकं-

भूतकालवाचक १-प्राक् १ ॥

-नूनमवश्यं निश्चये द्वयम्।

अवश्यवाचक २-नूनम् १ अवश्यम् ॥ २ ॥

संवद्वर्षे-

वर्षवाचक १-संवत् १ ॥

-ऽवरे त्ववर्ा-

प्रथमवाचक १-अर्वाक् १ ॥

-आमेवं-

निश्चित अंगीकारवाचक २-आम् १ एवम् २॥

-स्वयमात्मना ॥ १६ ॥

आत्मवाचक १-स्वयम् १ ॥ १६ ॥

अल्पे नीचै-

अल्पवाचक अव्ययशब्द १-नीचैस् १ ॥

-र्महत्युच्चैः-

ऊंचावाचक १-उच्चैस् १ ॥

-प्रायो भू-

बाहुल्य (अकसर) वाचक १-प्रायः १ ॥

-म्न्यद्रुते शनैः।

मन्दवाचक अव्यय शब्द १-शनैस् १ ॥

सना नित्ये-

नित्यवाचक १-सना १ ॥

-बहिर्बहि-

बाहरवाचक १-बहिस् १ ॥

-स्मातीते-

भूतकालवाचक १-स्म १ ॥

-ऽस्तमदर्शने ॥ १७ ॥

अदर्शनवाचक १-अस्तम् १ ॥ १७ ॥

अस्ति सत्त्वे-

भावार्थक अव्यय १-अस्ति १ ॥

-रुषोक्तावु-

कोपवचनवाचक १-उ १ ॥

-ऊं प्रश्ने-

प्रश्नवाचक १-ऊम् १ ॥

-ऽनुनये त्वयि।

शान्त करनेमे १-अयि १ ॥

हुं तर्के स्या-

तर्कवाचक १-हुम् १ ॥

-दुषा रात्रेरवसाने-

प्रातःकालवाचक १-उषस् १ ॥

-नमो नतौ ॥ १८ ॥

नमस्कारवाचक अव्ययशब्द १-नमस् १ ॥१८॥

पुनरर्थेऽङ्ग-

पुनर्वाचक १-अङ्ग १ ॥

-निन्दायां दुष्ठु-

निन्दावाचक १-दुष्ठु १

-सुष्ठु प्रशंसने।

प्रशंसावाचक १-सुष्ठु १ ॥

साय साये-

सायंकालवाचक १-सायम् १ ॥

प्रगे प्रातः प्रभाते-

प्रातःकालवाचक २-प्रगे १ प्रातर् २ ॥

-निकषाऽन्तिके ॥ १९ ॥

समीपवाचक १-निकषा १ ॥ १९ ॥

परुत्परार्यैषमोऽब्दे पूर्वे पूर्वतरे यति।

गतवर्षवाचक १-परुत् १ ॥ गतवर्षसे पहले वर्षका वाचक अव्यय १-परारि १ ॥ वर्त्तमान-वर्षवाचक अव्यय १-ऐषमस् १ ॥

अद्यात्राह्न्य-

इस दिनका वाचक अव्यय १-अद्य १ ॥

-थ पूर्वेऽह्नीत्यादौ पूर्वोत्तरापरात् ॥२०॥ तथाधरान्यान्यतरेतरात्पूर्वेद्युरादयः।

'प्रथमदिन' इत्यादि अर्थमें पूर्वआदि शब्दसे "एद्युस्" प्रत्यय होकर पूर्व दिनका वाचक 'पूर्वेद्युः' उत्तर दिनका वाचक 'उत्तरेद्युः' अपरदिनका वाचक 'अपरेद्युः' इत्यादि शब्द बनते हैं जैसे-'अधरेद्युः' 'अन्येद्युः' अन्यतरेद्युः' 'इतरेद्युः' ॥ २० ॥

उभयद्युश्चोभयेद्यु-

दोनों दिनके वाचक अव्यय २-उभयद्युः १ उभयेद्युः २ ॥

-परे त्वह्नि परेद्यवि ॥ २१ ॥

परदिनका वाचक १-परेद्यवि १ ॥ २१ ॥

ह्यो गते-

व्यतीतदिनका वाचक अव्ययशब्द १-ह्यस् १॥

-ऽनागतेऽह्नि श्वः-

कलदिनका १-श्वस् १ ॥

-परश्वस्तु परेऽहनि।

आनेवाले परसों दिनका वाचक १-परश्वः १ ॥

तदा तदानीं-

तिसकालके वाचक अव्यय २-तदा १ तदानीम् २ ॥

-युगपदेकदा-

एक समयके वाचक अव्यय २-युगपत् १ एकदा २ ॥

सर्वदा सदा ॥ २२ ॥

सदाकालवाचक अव्यय २-सर्वदा १ सदा२।२२

एतर्हि संप्रतीदानीमधुना सांप्रतं तथा।

'इसी समय' इस अर्थके वाचक अव्यय शब्द ५-एतर्हि १ सम्प्रति २ इदानीम् ३ अधुना ४ सांप्रतम् ५ ॥

दिग्देशकाले पूर्वादौ प्रागुदक्प्रत्यगादयः ॥ २३ ॥

पूर्वदिशा,पूर्वदेशऔर पूर्वकालमें'प्राक्'शब्दहै।उत्तर दिशा, उत्तरदेश और उत्तरकालवाचक अव्ययशब्द 'उदक्' पश्चिमदिशा पश्चिमदेश और पश्चिमकालका वाचक अव्यय शब्द 'प्रत्यक्' इत्यादि २३।

इत्यव्ययवर्गः ॥ ४ ॥

लिंगादिसंग्रहवर्गः ५.

सलिंगशास्त्रैः सन्नादिकृत्तद्धितसमासजैः। अनुक्तैः संग्रहे लिंगं संकीर्णवदिहोन्नयेत् ॥ १ ॥

पाणिनिके कहे हुए लिङ्गानुशासनसहित (अर्थात् उनके अनुसार) सन्आदि प्रत्ययोंसे उत्पन्न चिकीर्षा आदि शब्दोंसे कृदन्तसे उत्पन्न श्वपाक आदिको तद्धित प्रत्यय अण् आदिसे उत्पन्न, "समासजैः" 'अदन्तोत्तरपदो द्विगुः' इस आदिसे और बाहुल्यसे पहिले अनुक्त शब्दोंसे संग्रह किये जाते हैं, यहां वर्गसंग्रह लिङ्गका ज्ञान किस प्रकार करें इस पर कहते हैं, 'संकीर्णवत्' यह जैसे संकीर्णवर्गमें प्रकृति आदिसे जाने जाते हैं, इसी प्रकार यहां भी जानने, तिनमें प्रकृत्यर्थसे जैसे 'अर्द्धर्चाः पुंसि च' यहां प्रत्ययार्थसे जैसे 'स्त्रियां क्तिन्' 'प्रकृतिप्रत्ययार्थाद्यैः'

इस आद्यशब्दसे क्रियाविशेषणोंको नपुंसकत्व और एकवचनत्व होता है, जैसे-'शोभनं पचति' इत्यादि ॥ १ ॥

लिङ्गशेषविधिर्व्यापी विशेषैर्यद्यबाधितः।

सन्नादि— कृत्-तद्धित-समाससे उत्पन्न विषय पूर्वोक्त शब्दके लिंगसे अन्यलिंग होना लिंगशेष है, उसका विधि उत्सर्ग होनेसे काण्डत्रयका व्यापक है, जो पूर्वोक्त और यहाके कहे विशेष विधियोंसे बाधित न होवे, तभी व्यापक होता है, क्योंकि अपवादविषय छोड़कर उत्सर्ग सर्वत्र प्रवृत्त होता है इस कहनेसे लिंग विशेषविधिको जो उत्सर्गभूत का स्वर्ग आदि वर्ग अपवाद है तिनमें पहिलेके कहे हुए विशेषोंको फिर कहनेके दोष और विस्तारके डरसे फिर यहां विधान नहीं है. स्वर्गपर्याय यहां पुँल्लिंग कहेंगे उसका " द्योदिवौ द्वे स्त्रियां क्लीवे त्रिविष्टपम् " यह पूर्वोक्त अपवाद है और नीप्रभृतिकोंके तो 'कृतः कर्तरि' इत्यादिसे कहेंगे, यद्यपि पहले लिंग कहा है तथापि अप्राप्तके प्रापणार्थकतासे लिंगानुशासन यहां भी प्रधान ही है ॥

' स्त्रियामीदूद्विरामैकाच् सयोनिप्राणिनाम च ॥ २ ॥

'स्त्रियाम्' यह अधिकार 'मसी' (श्लो० १०) शब्दपर्यंत जानना चाहिये 'ईदूतौ' ईकार और ऊकार 'विराम' अर्थात् अवसानस्थ है जिनके वे, ईदूद्विराम हैं वे और एकाच् ये दोनों ईदूद्विरामैकाच् हैं । ईदन्त ऊदन्त वा जो एकस्वर शब्द-स्वरूप है वे स्त्रीलिंग है यह अर्थ है, जैसे-धीः श्रीः भ्रूः भूः,नयतीति नीः,इन आदिमें'कृतः कर्त्तरि' इसके बाध होनेसे वाच्यलिंगत्व है, योनि भग है इनके सहित प्राणियोंके नाम 'स्त्रियाम्' स्त्रीलिङ्ग है जैसे माता दुहिता—धेनु आदि, दार शब्द आदिमें तो 'दाराः पुंभूम्नीति' यह बाधक पहिले कह चुके हैं, कलत्रम् और गृहं शब्दको 'कलत्रं श्रोणिभार्ययोः' यहांका क्लीब पाठ बाधक है, इसी प्रकार अन्यत्र भी विचार कर लेना चाहिये॥२॥

नाम विद्युन्निशावल्लीवीणादिग्भूनदीह्रियाम् ।

विद्युत् आदि ह्रीशब्द पर्यंन्त ८ आठ शब्दोंके जो नाम अर्थात् सञ्ज्ञा है वे स्त्रीलिङ्ग है, जैसे, विद्युत्—तडित्, निशा-रात्रिः, रजनिः, वल्ली,—व्रततिः, वीरुध्, वीणा,—विपञ्ची इत्यादि ॥

अदन्तैर्द्विगुरेकार्थो—

अकारान्त आदि शब्दोंसे जो एकार्थ द्विगुसमास है वह स्त्रीलिंग है, जैसे 'पंचानां मूलानां समाहारः पंचमूली' इसी प्रकार त्रिलोकी षड्ध्यायी इत्यादि॥

—न स पात्रयुगादिभिः ॥ ३ ॥

न पुनः पात्र, युग आदि उत्तरपद, अदन्तशब्दोंके साथ एकार्थ द्विगुसमासको स्त्रीलिंगत्व नहीं है जैसे पंचपात्रं, चतुर्युग, त्रिभुवनम् ॥ ३ ॥

तल्वृन्दे येनिकट्यत्रा वैरमैथुनिकादिवुन् । स्त्रीभावादावनिक्तिण्ण्वुल्ण्चण्वुच्वक्यव्युजिञङ्निशाः ॥ ४ ॥ उणादिषु निरूरीश्च ङ्याबूङन्तं चलं स्थिरम् ।

भाव आदि अर्थमें विहित तल्प्रत्यय स्त्रीलिंगमें होता है, तथा भाव अर्थमें जैसे-शुक्लता, कर्म अर्थमें ब्राह्मणता, समूह अर्थमे ग्रामता, स्वार्थमें देवता, वृन्द समूह अर्थमें य-इनि कट्यच्-त्र-ये ४ चार प्रत्यय स्त्रीलिंगमें होते है, जैसे 'पाशादिभ्यो यः' पाशाना समूहः पाश्या, वात्या, 'खलादिभ्य इनिः' खलिनी, पद्मिनी, 'रथादिभ्यः कट्यच्'रथकट्या, इसी रीतिसे गोत्रा वैर, मैथुन आदि अर्थमें जो वुन् प्रत्यय है सो स्त्रीलिंग है तिनमें वैर विरोधार्थमे जैसे अश्वमहिषिका, अश्व और महिषीका यह वैर है, इस भाति काकोलूकिका,मैथुनिका अर्थमें जैसे-अत्रिभरद्वाजिका

त्रिभरद्वाजिकी यह मैथुनिक विवाहरूपसम्बन्ध, इसी प्रकार 'कुत्सश्च कुशिका च तयोर्मैथुनिका कुत्सकुशिकिका वुन् ग्रहण वुञ्, उण् वा वुन्-अक उक् आदि का उपलक्षण है, जैसे-काशिका गार्गिक्या श्लाघते, ढीं वु भी पाठ है, आदिपदसे मीमांसा आदिमें वुन्का ग्रहण है ' स्त्रियां भावादिः स्त्रीभावादिस्तस्मिन् ' स्त्रियाम् इसका अधिकार कर भाव आदि अर्थमें जो विहित प्रत्यय अनिक्तिन् (ति) आदि हैं वे स्त्रीलिङ्ग अर्थमें होते हैं, अनि जैसे ' आक्रोशे नञ्यनिः ' इस सूत्रसे ' अनि ' प्रत्यय होनेसे ' अकरणिः ' ' अजीवनिः ' ' क्तिन् ' से स्मृतिः, कृतिः, गतिः, ' ण्वुल् ' से जीविका, प्रच्छर्दिका, प्रवाहिका, आसिका, ' णच् ' से व्यावक्रोशी स्वार्थिका, द्राक्षा, ' ण्वुच् ' से शायिका, इक्षुभक्षिका, ' क्यप् ' से ब्रह्महत्या, प्रव्रज्या, इज्या, 'स्त्रीभावादौ' क्यों कहा ! 'मृपोद्यं ब्रह्मभूयं' यहां दोष आवेगा, 'युच्' से कारणा, आसना, मंडना,-इञ्से वापिः, वासिः, कां कारिमकार्षीः 'इञ्' यह इणइकुका उपलक्षणार्थ है, जैसे-आजिः, कृषिः, 'अ' से पचा, त्रपा, भिदा, 'नि' से ग्लानिः, म्लानिः, हानिः, 'श' प्रत्ययसे क्रिया, इच्छा ॥ ४ ॥ उणादिकोंमें निः-ऊः-ईः ये तीन प्रत्यय स्त्रीलिंगमें हैं, तिनमें 'नि' प्रत्ययान्तसे, श्रेणिः, श्रोणिः, द्रोणिः, 'उणादिष्वनिः' इस पाठमें, अनिः, जैसे-अवनिः, धरणिः, धमनिः, सरणिः, 'ऊदन्तः' जैसे-चमूः, कर्षूः, ईदन्त जैसे-तन्त्रीः, तरीः, लक्ष्मीः, ङ्यन्तम् आबन्तम, (ङी आप् वा आङ) ऊङन्त और जो 'चलं' जंगम है वा जो 'स्थिर' स्थावर हैं वे स्त्रीलिंग हैं, जंगम जैसे-नारी, शिवा, ब्रह्मबधूः । स्थावर जैसे-कदली, माला, कर्कन्धूः ॥

तत्क्रीडायां प्रहरणं चेन्मौष्टा पाल्लवाणादिक् ॥ ५ ॥

"तत् क्रीडायां" यहांके तत्शब्दसे यहां मौष्टयादिकका निर्देश है तिससे यह अर्थ है, वह मुष्ट्यादिक प्रहरण अर्थात् मारना जो क्रीडा वा खेलमें होय तो उस अर्थमें विहित 'ण' प्रत्यय स्त्रीलिंगमें है, दिक् इस शब्दसे उक्तोदाहरणकी अभिलाषा है, जिससे दाण्डा, मौसला ये उदाहरण के योग्य है, मुष्टिसे प्रहार करना जिस क्रीडामें है उसे 'मौष्टा वा मौष्ट्या' और पल्लव हाथ वा पत्तेसे मारना जिस क्रीडामें है उसे "पाल्लवा" कहते है ॥ ५ ॥

घञो ञः सा क्रियाऽस्यां चेद्दाण्डपाताहिफाल्गुनी । श्यैनंपाता च मृगया तैलंपाता स्वधेति दिक् ॥ ६ ॥

यह घञन्तनामक दण्डपात आदिके आदि क्रिया इस फाल्गुनी आदिके अर्थमें घञन्तसे विहित जो ञ प्रत्यय है सो स्त्रीलिंगमें ही है, उदाहरण 'दण्डपातोऽस्यां फाल्गुन्यां दाण्डपाता फाल्गुनी' इसी प्रकार 'श्येनपातोऽस्यां श्यैनंपाता मृगया' तिलपातोऽस्यां स्वधाक्रियायां तैलंपाता' इति शब्दसे 'मुसलपातोऽस्यां मौसलपाता भूमिः' ये इत्यादि सिद्ध होते हैं. दिक्शब्दसे किसी देशमें फाल्गुन महीनेके पूर्णिमाको दण्डसे वा लाठीसे क्रीडा होती है इसलिये 'दण्डपाता' आदि उदाहरण भी होते हैं ॥ ६ ॥

स्त्री स्यात्काचिन्मृणाल्यादिर्विवक्षापचये यदि ।

यदि 'अपचये' अर्थात् अल्पत्वके कहनेकी इच्छा हो तो मृणाली आदि शब्द स्त्रीलिंग हैं, जैसे-अल्प मृणालं मृणाली आदिशब्दसे जैसे-'ह्रस्वो वंशो वंशी' गौरादि मानकर ङीष् प्रत्यय होता है, इसी भांति कुम्भी-प्रणाली-छत्री पटी-मठी आदि ये भी हैं, 'ह्रस्वार्थे कन् प्रत्ययः स्त्रियां' जैसे-पेटिका, 'काचित्' यह क्यों कहा ? यहां दोष पड़ता है जैसे-'अल्पो वृक्षो वृक्षकः' इत्यादि स्त्रीलिंग नहीं हैं ॥

लंका शेफालिका टीका धातकी पञ्जिकाऽऽढकी ॥ ७ ॥

अब क्वचारूकन्तं इत्यादिसे कहे लिंगवालोंमें से किसी शब्दके सुखसे लिंगज्ञानके हेतु, भिन्न कांतादि क्रमसे कहते हैं–१ लंका-राक्षसपुरी २ शेफालिका-(फूलका भेद वा वृक्षभेद-निर्गुंडी-निरसा यह प्रसिद्ध) है, ३ टीका-कठिन पदकी व्याख्या, ४ धातकी-वृक्षभेद-(आंवरा) यह प्रसिद्ध है, ५ पंजिका-(निःशेष पदकी व्याख्या), ६ आढकी-तुरई प्रसिद्ध है ॥ ७ ॥

सिध्रका सारिका हिक्का प्राचिकोल्का पिपीलिका । तिन्दुकी कणिका भंगिः सुरंगासूचिमाढयः ॥ ८ ॥

१ सिध्रका-वृक्षभेद, २ सारिका पक्षीभेद वा मयना, ३ हिक्का-स्वरभेद वा हिचकी, ४ प्राचिका पाचिका भी वनकी मक्खी वा 'पक्षिभेद' इति स्वामी, ५ उल्का-तेजका समूह, ६ पिपीलिका कीडेका भेद (चींटी-वा चींटा भी) 'शनैर्यातीति पिपीलिका' यह स्वामीके मतसे पुँल्लिंग भी है, ७ तिन्दुकी वृक्षभेद (तेन्दुआ यह प्रसिद्ध है), ८ कणिका—परमाणु, ९ भंगि-कुटिलताका भेद वा टेढ़ाई, १० सुरङ्गाबिल वा 'सुरग' यह प्रसिद्ध है, ११ सूचिः सूई वा व्यञ्जनी, १२ माढिः—पत्तकी सिरा ॥ ८ ॥

पिच्छाविितण्डाकाकिण्यश्चूर्णिः शाणी द्रुणी दरत् । सातिः कन्था तथाऽऽसन्दी नाभी राजसभापि च ॥ ९ ॥

१ 'पिच्छा' शेमर यह प्रसिद्ध है, २ 'वितण्डा' वादभेद, ३ 'काकिण्यः वा काकिणी' पणका चौथा भाग वा कौडी, ४ 'चूर्णिः वा चूर्णिचूर्णिका, ५ 'शाणी' शण-पटविशेष है, ६ 'द्रुणी' कर्णजलौका वा कछुही, ७ 'दरत्' म्लेच्छजातिः ॥ १ ॥'साति' दान और अवसानको कहते हैं, २ 'कंथा' प्रावरणान्तर वा दूसरा बिछौना ३ 'आसन्दी' आसनका भेद वा बेतका आसन वा कुर्सी, ४ 'नाभी वा नाभिः' शरीरका अगविशेष वा टोंडी, ५ 'राजसभा' राज्ञां सभा राजोंकी सभा व कचहरी यह प्रसिद्ध है ॥ ९ ॥

झल्लरी चर्चरी पारी होरा लट्वा च सिध्मला । लाक्षा लिक्षा च गण्डूषा गृध्रसी चमसी मसी ॥ १० ॥

१ 'झल्लरी' बाजाका भेद वा झालर यह प्रसिद्ध है, 'चर्चरी' करशब्द वा हाथका शब्द वा हर्षक्रीडा, कईएक बाजे पढ़ते है, 'कर्कटी' छोटा वड़ा, ३ पारी वा वारी, हाथीके पांवकी रस्सी ४ 'होरा' लग्नका आधा वा लग्न, ५'लट्वा'ग्रामचटक, चिडावा चिडी वा गरैया, ६ 'सिध्मला' मत्स्यविकार, ७'लाक्षा' जतु वा लाख,लाह प्रसिद्ध है. ८ 'लिक्षा यूकाण्ड'—अर्थात् लीख प्रसिद्ध वा परिमाणभेद, ९ 'गण्डूषा' जल आदिसे मुखपूर्ण कुल्ला प्रसिद्ध है १०'गृध्रसी' वातरोगभेद यह ऊरुकी सन्धिमें होता है, ११ 'चमसी' यज्ञपात्रभेद, १२ 'मसी' और भी पुं–'मसि' (कज्जल)॥ १० ॥

इति स्त्रीलिङ्गसंग्रहः ॥

पुंस्त्वे सभेदानुचराः सपर्यायाः सुरासुराः । स्वर्गयागाद्रिमेघाब्धिद्रुकालासिशरारयः ॥ ११ ॥

अब पुंलिंगसंग्रह कहते हैं, 'पुंस्त्वे' इसका (श्लोक० २१ के) 'पतद्ग्रह' शब्द पर्यन्त अधिकार है, भेदाः तुषितसाध्य आदि' 'अनुचराः' सुनद आदि इनके सहित सुर, असुर, देव और दैत्यके यह पर्यायके पुँल्लिंग हैं, सुरपर्याय जैसे-'अमरा निर्जरा देवा मरुतः' इत्यादयः, इनके भेद जैसे–तुषिता–सध्याः' इंद्रो मरुत्वान्मघवा'–सूरः सूर्यः; अर्य्यमा हाहा हूहूः तुम्बुरुः इत्यादि, अनुचराः जैसे–विष्णुके अनुचर जयविजयप्रभृति, रुद्रके अनु-

चर नदिकेश्वर आदि, इसी प्रकार-असुरपर्याय दैत्य दानव इत्यादि इनके भेद बलि नमुचि आदि, असुरके अनुचर कूष्माण्ड मुण्ड आदि, इस भांति सब स्थानमें जानना, इनके भी 'दैवतानि पुंसि वा देवता स्त्रियाम्' आदि बाधकको स्मरण करावेंगे । 'अबाधिताः' इस वक्ष्यमाणसे स्वर्ग आदि १९ अपने भेद और पर्यायके सहित पुल्लिंग है, १ स्वर्गपर्याय जैसे-स्वर्ग—नाक, त्रिदिव, इत्यादिक 'द्यो दिवौ द्वे, स्त्रियां क्लीबे त्रिविष्टपम्' यह बड़ा बलवान् बाधक है इनके विना पुल्लिंग है, २ यागो यज्ञः वा मखः क्रतुः इनके भेद—अग्निष्टोम—वाजपेय आदि इनको बाधकत्व कहेंगे, ३ अद्रिः गिरिः वा पर्वतः इनके भेद जैसे-मेरु सह्याद्रि आदि इनके मध्यमें अपवाद हैं सो शैलवर्गमें कह चुके हैं, ४ मेघः घन वा बादल ये इत्यादि पर्याय हैं, भेद आवर्त आदि अभ्रन्तु अभ्र मेघ, यह क्लीब पाठ बाधक है, ५ अब्धिः समुद्रका पर्यायभेद क्षीरोद आदि, ६ वृक्षः शाल आदि पर्याय और वट पीपल आदि भेद हैं, यहां भी कहीं रूप भेद आदिसे 'पाटला' 'शिंशपाः' आदिमें अपवाद कहा है, ७ 'कालः दिष्टः समय इस प्रकार पर्याय है और मास आदि भेद हैं । असिः खड्ग—नन्दक आदि भेद, (इत्यादौ बाधः) ९ 'शरः बाणभेद नाराच आदि इषुर्द्वयोरिति विशेषो दर्शितः' १० 'अरिः' शत्रु भेद आततायी आदि ॥ ११ ॥

करगण्डोष्ठदोर्दन्तकण्ठकेशनखस्तनाः । अह्नाह्नान्ताः क्ष्वेडभेदा रात्रान्ताः प्रागसंख्यकाः ॥ १२ ॥

'कर' राजग्रहणके योग्य भाग 'रश्मि' और 'पाणि' 'दीधिति' ५ आदिको तो पुंस्त्व बाधित है, 'गण्डः' कपोल वा गाल, 'ओष्ठः' ओष्ठ वा दंतच्छद दशनवसन आदि तो रूपभेदसे बाधित हैं, 'दोः' प्रवेष्ट 'भुजबाहूोस्तु द्वयोरिति विशेषः' 'दंतः' दण्डः भेद जंभ 'कंठः' गलः 'समीपगलभेदेषु कण्ठं त्रिषु विदुर्बुधाः' इति शाश्वतः 'केशः' कचः वा बार, (बाल,) 'नखः' कररुहः नखोऽस्त्री इत्यादिना बाधितं, 'स्तनः' कुचः ये सब यथासम्भव सभेद और पर्याय पुंल्लिंग है, 'अह्नः अह्नश्च' ये हैं अन्तमें जिनके वे पुँल्लिंग हैं जैसे—अह्नः पूर्वं पूर्वाह्नः अह्नः परं पराह्नः, द्वे अहनी समाहृते द्व्यहः, २ क्ष्वेडभेदाः विषविशेष पुंस्त्व है जैसे सौराष्ट्रिकः यहां गरल विष पुंसि और क्लीबमें काकोल है इत्यादिसे बाधित है, ३ रात्रान्ताः यह समासान्तके एकदेशका अनुकरण है, इसी प्रकार आगे भी रात्र शब्द है अन्तमें जिनके वे जो प्राक् असंख्यावाचक शब्द हों तो पुंसि हैं, जैसे—अहश्च रात्रिश्चाहोरात्रः, सर्वरात्रः, पूर्वरात्रः वर्षारात्रः, अपरात्रः प्राक् असंख्यकाः यह क्यों कहा पञ्चरात्र गणरात्रं इनमें दोष होगा, पुण्यरात्रको अर्धर्चादि पाठसे क्लीबत्व भी है ॥ १२ ॥

श्रीवेष्टाद्याश्च निर्यासा असन्नन्ता अबाधिताः । कशेरुजतुवस्तूनि हित्वा तुरुविरामकाः ॥ १३ ॥

१ 'श्रीवेष्ट' आदि ये निर्यास हैं अर्थात् द्रव वा गोन्द वा सारवाचक हैं वे पुँल्लिंग हैं, श्रीवेष्ट 'सरल' वा धूपकाष्ठ, श्रीपिष्ठ भी कहीं पाठ हैं, आद्यशब्दसे श्रीवास वृकधूप आदि, च शब्दसे गुग्गुल आदि, २ 'असन्त' 'अन्नंत' पुँल्लिंग हैं, असन्त जैसे—अंगिरा वेधा—चंद्रमा अन्नंत जैसे—'कृष्णवर्त्मा मघवा' आदि, 'अबाधिता' क्यों कहा ? अप्सरसः, जलौकसः, सुमनसः, इदं वयः, इदं लोम, 'तुश्च रुश्च तुरु' ये दोनों विराम अर्थात् अन्तमें हैं जिनकेवे तुरुविरामकाः कहलाते हैं, कशेरु, जतु, मस्तु इनको छोड़कर 'तु' शब्दान्त और 'रु' शब्दान्त पुँल्लिंग हैं, जैसे—हेतुः सेतुः धातुः मन्तुः तन्तुः इत्यादि, कुरुः मेरुः किंशारुः इत्यादि, कशेरु आदि उपलक्षण है,—दारु, श्मश्रु प्रभृतिका तिनमें कशेरु अस्थिविशेष वा तृणविशेष, जतु लाखा वा लाही ॥ १३ ॥

कषणभमरोपान्ता यद्यदन्ता अमी अथा। पथनयसटोपान्ता गोत्राख्याश्चरणाह्वयाः ॥ १४ ॥

क-प-ण आदि ६ वर्ण उपान्ते अन्त्यके समीप में हैं जिनके वे जैसे यदि ये क आदि वर्णषट्क उपान्त अदन्त हों तो पुंल्लिंगमें होते हैं, जैसे-अर्कः, लोकः, स्फटिकः, शुल्कः, वल्कः आदि तो पहिले ही बाधित हैं और प्लोषमाष, प्लक्ष आदि षोपान्त हैं, वर्षा आदि शब्द तो पहिले ही बाधित हैं, पाषाण,गुण, किरण आदि णोपान्त शब्द विषाण आदिसे बाधित हैं, कौस्तुभ, दर्भ, शलभ. आदि भोपान्त हैं, कुसुम्भ आदिसे बाधित हैं । होम, ग्राम, व्यायान, गुल्म आदि मोपान्त, 'पद्मादेर्वा पुंसि' इत्यादिसे बाधित हैं. क्षक्षर, मीकर, सीर प्रभृति रोपान्त हैं अजिर आदिक बाधित हैं, रादि-वर्णषट्क उपान्त शब्द अबाधित हैं, तौ पुँल्लिंग है यहां 'यद्यदन्ता' इस पूर्वोक्तका सम्बन्ध नहीं है, अथादित्वसे पकारोपान्त जैसे-यूप-बाष्प-कलाप आदि बाधित हैं, थकारोपान्त-वेपथु, रोमन्थ आदि, नोपान्त-इन, धन, भानु आदि, वनादि तो बाधित हैं, योपान्त-आय, व्यय, जायु, तन्तुवाय आदि, मृगया आदि तौ बाधित हैं, सोपान्त-रस, हास, आदि, बिस आदि बाधित हैं, टोपान्त-वट, पट, आदि, किरीट आदिको बाधित्व कहा है, गोत्र वंशमें आख्या सज्ञा है जिनकी वे गोत्राख्य ऋषिसज्ञक हैं, गोत्रके आदि पुरुष ये ये प्रवराध्यायमें पढे हैं और य अन्य अपत्यप्रत्ययके विना गोत्र वाचित्वसे लोकमें प्रसिद्ध हैं वे पुंल्लिंग हैं जैसे-'भरद्वाजः गोत्रमस्माकम्' इस प्रकार कश्यप वत्स प्रभृति चरणके और वेदशाखाकी नामवाली संज्ञा पुँल्लिंग हैं जैसे-कठ बहृच इत्यादि ॥ १४ ॥

नाम्न्यकर्तरि भावे च घञजबनङ्घणघाथुचः । ल्युः कर्तरीमनिज्भावे को घोः किः प्रादितोऽन्यतः ॥ १५ ॥

नाम संज्ञामें और अकर्तरि च कारके भावमात्रमें भी विहित घञ् आदि सात प्रत्ययान्त पुंल्लिंग हैं, भावे च इस चकारसे असंज्ञामें भी घञ् गृहीत है घञन्त जैसे-'प्रसीदन्ति मनांस्यस्मिन् प्रासादः, प्रास्यत इति प्रासः, विदन्ति अनेन वेदः, प्रपतति अस्मादिति प्रपातः. भावमें जैसे-पाकः त्यागः अच् जैसे-जयः, चयः नयः, । अप् जैसे-करः गरः. लवः, स्तवः, । नङ् जैसे-यज्ञः, प्रश्नः, याच्ञा । यहा पुस्त्व बाधित है, नङ् उपलक्षण है 'स्वपो नन्' स्वप्नः । णप्रत्यय जैसे-न्यादः, घप्रत्यय जैसे-उरच्छदः, अथुच् जैसे-'वेपथुः' ल्युः प्रत्यय कर्तामें नद्यादित्वसे पुँल्लिंगमें होता है, जैसे-नन्दनः. रमणः, मधुसूदनः, भावमें पृथु आदिसे जो इमनिच् है सो पुँल्लिंग है जैसे-पृथोर्भावः प्रथिमा, म्रदिमा, भाव ऐसा क्यों कहा ? 'वृणोतीति वरिमा पृथ्वी' यहांका भावे यह शब्द देहलीदीपकन्यायसे पूर्व और परमें सम्बद्ध होता है, भावमें क प्रत्यय जैसे-आखूत्थः, प्रस्थः, प्रादितः और अन्यतःसे पर जो घुसंज्ञक धातु है उससे विहित जो किप्रत्यय है सो पुँल्लिंग है 'दाप दैपौ विना' दारूप और धारूप भी धातु घुसंज्ञक हैं, प्रादितः जैसे-प्रधिः, निधिः, आदिः,अन्यतः जैसे-'जलधिः' इषुधिस्तु द्वयोरिति बाधितत्व है ॥ १५ ॥

द्वन्द्वेऽश्ववडवावश्ववडवा न समाहृते । कान्तः सूर्येन्दुपर्यायपूर्वोऽयःपूर्वकोऽपि च ॥ १६ ॥

द्वन्द्वे-समाहारसंज्ञकसे अन्यत्र समास द्वन्द्वसंज्ञकमें 'अश्ववडवौ' पुंसि है, आप उदाहरण देते हैं. अश्वाश्च वडवाश्च अश्ववडवाः, इसी रीतिसे अश्ववडवान्, अश्व-वडवैः इत्यादि प्रयोगसे, समाहारे तु 'अश्ववडवम्' यह क्लीब है, सूर्य, चन्द्रके पर्यायपूर्वक कान्तशब्द पुंसि है, जैसे-'सूर्यकान्तः, अर्ककान्तः, चन्द्रकान्तः, इन्दुकान्तः, सोमकान्तः

अयस् वा अयोवाचक अर्थात् लोहवाचक पूर्वक भी कान्त शब्द पुंसि है, जैसे-'अयस्कान्तः लोहकान्तः' ॥ १६ ॥

वटकश्चानुवाकश्च रल्लकश्च कुडंगकः। खो न्यूंखः समुद्गश्च विटपट्टघटाः खटाः ॥ १७ ॥

अब पुँल्लिंग विशेष पर्यन्त अनुक्त और अकारान्तादि क्रमसे कहा है। १ वटकः-पिष्टकभेद वा (बरा), २ अनुवाकः-वेदका अवयव वा भाग, ३ रल्लकः-कम्बल वा कमरा प्रसिद्ध हैं, ४ कुडङ्गकः कुटंगकः-वृक्षलताका समूह, ५ पुख-बाणका अवयव, ६ न्यूंखः न्युंखः सागवेदमें धरा ओंकार, ७ समुद्गः-संपुट वा डिब्बा, ८ विटः-धूर्त वा ठग, ९ पट्टः-काष्ठ आदिका बना आसनविशेष वा पाटा पीढ़ा, १० घटः तुला वा तराजू, ११ खटः अन्धकूप आदि वा कफ वा तृण ॥ १७ ॥

कोट्टारघट्टहट्टाश्च पिण्डगोण्डपिचण्डवत्। गडुः करण्डो लगुडो वरण्डश्च किणो घुणः ॥ १८ ॥

१ कोट्टः-दुर्ग-पुर-किला-गढ वा कोट्टारः, २ अरघट्टः-कूपभेद-महाकूप वा उसके ऊपर बँधा जलके निकालनेका काष्ठ वा अरहट-पुरवट, तवघट्ट, घाटाइ यहां प्रसिद्ध है, ३ हट्टः-क्रयविक्रयका स्थान वा हटिया बाजार यह प्रसिद्ध है, ४ पिंडः-मिट्टी आदिका समूह, ५ गोंडः-नाभि वा नीचजातिभेद, ६ पिचण्डः-वा पिचिण्डः उदर वा पेट, पिचण्डवत् यहांके वत् शब्दसे गडादि शब्द भी पुँल्लिग हैं यह बोधित होता है, ७ गडुः-गलगंड, ८ करण्डः-वास आदिका बना भाण्डका भेद वा पिटारी वा पुष्पभाजन, ९ लगुडः-वांस आदिका दण्ड वा लाठी, १० वरण्डः-मुखका रोग वा वदन की व्यथा, ११ किणः-मासकी गांठिका भेद-व ह भी जो फावड़ा, लाठी आदिके चलानेसे हाथ आदि में (घट्टा) स्पष्ट है व्रण और चिह्नको भी 'किण' कहते है, १२ घुणः-काठका कीड़ा वा घुन यह प्रसिद्ध है ॥ १८ ॥

दृतिसीमन्तहरितो रोमन्थोद्गीथबुद्बुदाः। कासमर्दोऽर्बुदः कुन्दः फेनस्तूपौ सयूपकौ ॥ १९ ॥

१ दृतिः-चामका दोना वा मसक (भिरतीका) २ सीमन्तः-केशवेश व चूडा गूंथा हुआ, ३ हरितः-पलाशवर्ण वा हरियर प्रसिद्ध है, ४ रोमन्थः-पशु जो जुगालिया चर्वण करते हैं (वा वागर), ५ उद्गीथः-सामवेद, ६ बुद्बुदः-जलका विकार, ७ कासमर्दः-गुल्मभेद वा रोगभेद, ८ अर्बुदः-दशकोटि, ९ कुन्दः-पुष्पविशेष वा औजार रखनेका पात्र वा शिल्पभांड, १० फेनः-जलविकार, ११ स्तूपः-वटक आदि, ये और यूप यूपक वा "यूप" भी बरा पूआ आदिके नाम हैं ॥ १९ ॥

आतपः क्षत्रिये नाभिः कुणपक्षुरकेदराः पूरक्षुरप्रचुक्राश्च गोलहिंगुलपुद्गलाः ॥२०॥

१ आतपः-सूर्यका प्रकाश-वा उजियाला, २ नाभिः-राजाविशेष-वा क्षत्रिये क्षत्रियवाचि नाभिशब्द पुल्लिग है, ३ कुणपः-मुर्दा प्रकार कुणपः शवभेदः त्यक्तप्राणः, ४ क्षुरः-केशवपनद्रव्य-नाईका शस्त्र-(छुरा) वा पशुकी खुरी, ५ केदरः-व्यवहारका द्रव्य वा पदार्थ, ६ पूरः-जलप्रवाह, ७ क्षुरप्रः-बाणका भेद 'क्षुरप्रः' भी, ८ चुक्रः शाकका भेद, ९ गोलः-वर्तुलपिण्ड वा गोल, १० हिंगुलः-रागद्रव्यका भेद वा रक्तवर्ण, ११ पुद्गलः वा पुद्गल आत्मा ॥ २० ॥

वेतालभल्लमल्लाश्च पुरोडाशोऽपि पट्टिशः कुल्माषो रभसश्चैव सकटाहः पतद्ग्रहः ॥ २१ ॥

१ वेतालः—भूताधिष्ठितशव—मल्लविशेष २—शिव का अनुचर, ३ द्वारपाल ४, २ भल्लः—भालू, ३ मल्लः—बाहुयुद्धकुशल वा माल प्रसिद्ध, ४ पुरोडाशः वा पुरोडाः (स्)—हविष्भेद, ५ पर्शुः—अस्त्र भेद, ६ कुल्माषः वा कुल्मासः—अर्द्धस्विन्न यव वा कुत्सित माप, ७ रभसः—१ हर्ष, २ वेग, ३ उत्सुकता, ४ वा पूर्वापर—विचार, ८ सकटाहः—कटाह के सहित कटाह शब्द भी पुंल्लिंग है, कराही यह प्रसिद्ध है, ९ पतद्ग्रहः—निष्ठीवनपात्र वा पीकदान ॥ २१ ॥

॥ इति पुंल्लिंगसग्रहः ॥

द्विहीनेऽन्यच्च खारण्यपर्णश्वभ्रहिमोदकम्। शीतोष्णमांसरुधिरमुखाक्षिद्रविणं बलम् ॥ २२ ॥

द्विहीनें स्त्री और पुरुषसे हीन नपुसकका अधिकार है वाह्लिकशब्द पर्यन्त, श्लोकद्वयसे प्रधान करके निर्दिष्ट खादिशब्द २६ अपने पर्यायोंके सहित नपुसक हैं, यहां अन्यत् इस वाचितसे जो भिन्न है वे क्लीब है यह सावधानका अर्थ कहा. चकारसे वस्त्र आभूषणका संग्रह है. १ खम्—१ इंद्रिय २ व्योम वा देह, ३ शून्य, ४ अभ्र—बिन्दु, ५ पुर, ६ स्वर्ग, ७ सुख भी जैसे—छिद्र—नभः वियत् इत्यादि. २ अरण्य—विपिन—कानन—इसप्र० इत्यादि, ३ पर्ण पत्र वा पत्ता दलं इस० इत्यादि, ४ श्वभ्र तु पातालं ५ हिम—प्रालेय, ठण्ढ, ६ उदक, जलं नीरं पानी इस० इत्यादि; ७ शीत शीतल, इस० इत्यादि, ८ उष्ण—तिग्म इस० इत्यादि, शीतोष्ण गुणे क्लीबं तद्वति त्रिपु, ९ मास—पिशित तरस ये इत्यादि १० रुधिर—शोणित रक्त, ११ मुख वदन, वक्त्र, १२ अक्षि—नयन—नेत्र, १३ द्रविण, धन, इस० इत्यादि, १४ बल-शक्ति सैन्य आदि, शक्तिमें जैसे-बलं झुष्मेत्यादि सैन्य चक्रमित्यादि ॥ २२ ॥

फलहेमशुल्बलोहसुखदुःखशुभाशुभम्। जलपुष्पाणि लवणं व्यञ्जनान्यनुलेपनम् ॥ २३ ॥

१ फल फलमात्रं कपित्थं, इस० इत्यादि, हल भी, २ हेम—सुवर्ण, कनक, इस० इत्यादि, ३शुल्बं-ताम्रम् इस० इत्यादि, ४ लोह कालायस, इस० इत्यादि, ५ सुख शर्म, शांतम्, इस० इत्यादि, ६ दुःख तु कृच्छ्र, कष्ट, ७ शुभ—कल्याण, कुशलं इस० इत्यादि, ८ शुभ अकल्याण, ९ जल पुष्पाणि-कुमुद कमल—कह्वार—उत्पलानि आदि, १० लवण—सैन्धवं इस० इत्यादि, ११ व्यञ्जनविशेषसे दधि तक्र आदिका ग्रहण है, १२ अनुलेपनं-कुंकुम आदि, यहां वाचितादन्यत् ऐसा क्यों कहा. आकाशो विहायाः, द्यौः, अटवी, अरण्यानी इस० इत्यादि, इसी प्रकार अन्यत्र भी विचारना चाहिये ॥ २३ ॥

कोट्याः शतादिसंख्याऽन्या वा लक्षा· नियुतं च तत्। द्व्यच्कमसिसुसन्नन्तं यद् नान्तमकर्तरि ॥ २४ ॥

कोट्याः—कोटिशब्दके विना जो शत आदि संख्या है वह क्लीवमें होती है लक्ष शब्द वा विकल्पसे क्लीवमें है; पक्षमे स्त्रीलिंग है, तत्शब्दसे लक्षका पर्याय नियुत यह अर्थ है, उदाहरण जैसे-नियुत-शत—सहस्र-अयुतमित्यादि असन्त इसन्त उसन्त—और अन्नन्त जो द्व्यच्क वा द्विस्वर है वे क्लीवमें है, असन्त जैसे—पयः, मनः, इसन्त जैसे—सर्पिः ज्योतिः; उसन्त जैसे—वपुः, यजुः, अन्नन्त जैसे—चर्म शर्म साम नाम इत्यादि, इसीसे क्लीबत्व सिद्ध था आगे जो मर्मशब्दका उपादान है सो इसके अनित्यत्व ज्ञापनके अर्थ है, तिसमें, (गुणान्धकारशोकेषु तमो राहौ पुमानयम्; इत्यादि सिद्धम्) अकर्तरि अर्थमे कर्तासे अन्यत्र जो अनांत अन यह अन्तमे जिसके हैं वे क्लीब हैं,

...गमन, ..., दान, ..., ..., अन्तरि ... कहा है ... कुठारः, नन्दयतीति नन्दनः ॥ २४ ॥

त्रान्तं सलोपधं शिष्टं रात्रं ... व्ययान्वितम् । पात्राद्यदन्तैरेकार्थो द्विगुर्लक्ष्यानुसारतः ॥ २५ ॥

त्रान्त क्लीबमें है जैसे–पात्र–बहित्र मित्र–वस्त्र गात्र यत्रम् ये इत्यादि, सकार और लकार उपधा अन्त्यसे पूर्ववर्ण है जिनके वे क्लीबमें है, सोपध जैसे–तुसं, बिस, ..., लोपध जैसे–कूल, मूलं इस० इत्यादि; शिष्टं यह जो प्रागुक्त से भिन्न है वह और प्रागुक्त भी जो अबाधित है सो भी त्रांतादिक क्लीबमें है, शिष्ट क्यों कहा ? पुत्रः–वृत्रः–हंसः–कंसः–पनसः–शालः–कालः–गलः, सख्यापूर्वक रात्रशब्द क्लीब है, (सत्राह्लाहाः पुंसि) इस सूत्रसे पुंस्त्व प्राप्त था उसका यह अपवाद है, त्रिरात्रं, पंचरात्र; सख्याया यह क्यों कहा ? अर्द्धरात्रः, मध्यरात्रः, पात्र आदि अदन्तशब्दोंसे जो एकार्थ द्विगु समास है वह क्लीब है, पंचरात्र आदि पदसे चतुर्युग; लक्ष्यानुसारतः–अर्थात् शिष्ट प्रयोगके अनुसार, इससे पंचमूली त्रिलोकी इत्यादि अपवाद है, एकार्थ क्यों कहा ? पंचकपालः, पुरोडाशः; द्विगु यह तद्धितार्थ है ॥ २५ ॥

द्वन्द्वैकत्वाव्ययीभावौ पथः संख्याव्ययात्परः । षष्ठ्याश्छायाबहूनां चेद्विच्छायं संहतौ सभा ॥ २६ ॥

१ द्वन्द्वसमासका एकत्व और अव्ययीभाव समास क्लीबमें है द्वन्द्वैकत्व जैसे–पाणिपाद, शिरोग्रीवं, मार्दंगिक–पाणविकम्, अव्ययीभाव जैसे–अधिस्त्रि, यथाशक्ति, उपगंगं; संख्या और अव्ययसे परे जैसे–विपथं; कापथं; सख्याव्ययादिति किं ? समपथः सोपानः ... सभासांतका अनुकरण है, सभारामें षष्ठी विभक्त्यन्तसे परे जो छायाशब्द है सो क्लीब है, यह भी बहुतोंकी सम्बन्धिनी होय तो जैसे–पक्षीनाम् पक्षिणां छाया विच्छायम्; इक्षूणां छाया इक्षुच्छायम्, बहूनां ऐसा क्यों कहा ? कुड्यस्य छाया ..., वा स्त्रियां यह तो कहेंगे, सहतौ समूहविषयमें सब शब्द क्लीब है यहां भी षष्ठ्याः इसका अनुवर्त्तन करते है, जैसे–दासीनां सभा दासीसभ, नृपसभं, रक्षःसभ, स्त्रीसभमित्यादि; संहतौ ऐसा क्यों कहा ? दासीनां सभा दासीसभा दासीगृहं यह अर्थ है ॥ २६ ॥

शालार्थापि परा राजामनुष्यार्थादराजकात् । दासीसभं नृपसभं रक्षःसभमिमा दिशः ॥ २७ ॥

शालात् अर्थात् गृहात् अपिशब्दसे समुदायात् भी जो सभा शब्द है वो अराजकात् राजशब्दसे वर्जित और राजा मनुष्य अर्थात् राजार्थक राजपर्याय और अमनुष्यार्थक रक्षः आदि शब्दसे और षष्ठ्यन्तसे परे होय तो क्लीबमें है, (शाला गृहमर्थोऽभिधेयो यस्याः सा शालार्था) राजपर्यायसे जैसे–इनसभ, प्रभुसभं; अमनुष्यार्थसे जैसे–रक्षःसभ, पिशाचसभं, अराजकात् क्यों कहा ? राजसभा राजपर्यायके ग्रहणसे यहां नहीं हुआ, ..., राजनिकेप यह है, षष्ठ्याः यह क्यों कहा ? नृपतिर्विषयसभा नृपतिसभा नृणां पतिर्यस्यां सा चासौ सभा चेति वा नृपतिसभा, अमनुष्यार्थात् यह क्यों कहा ? दासीसभा । दासीनां शाला इत्यर्थः । इमा दिशः, यह दासीसभं ... आदि क्रमसे उदाहरण है, तिनमें दासीसभं यह समुदाय ही अर्थमें है. शेष दो शाला और संहति अर्थमें है ॥ २७ ॥

उपज्ञोपक्रमान्तश्च तदादित्वप्रकाशने ।

कोपज्ञकोपक्रमादि कन्थोशीनरनामसु ॥ २८ ॥

१ उपज्ञा और उपक्रमान्तके आदित्वके प्रकाशनमें उपज्ञान्त और उपक्रमान्त यह समास क्लीव में होता है, (उपज्ञायते इति उपज्ञा, ॥ को ब्रह्मा तस्य उपज्ञा कोपज्ञं प्रजा ॥ कस्योपक्रमः कोपक्रमं लोकः), प्रजापतिने प्रथम बनाया था इससे उसीने आदिमें प्रजाको जाना था यह अर्थ है, उन्हीं नरोंके मध्यमे षष्ठ्यन्तसे पर कथा क्लीबमें है, जैसे-सौशमीनां कथा सौशमिकन्थम्, उशीनरदेशवाचीसे अन्यत्र दाक्षिकन्थानामसु यह क्यों कहा ? वीरणकथा ॥ २८ ॥

भावे नणकचिद्भ्योऽन्ये समूहे भावकर्मणोः। अदन्तप्रत्ययाः पुण्यसुदिनाभ्यां त्वहः परः ॥ २९ ॥

चकार इत्संज्ञक है जिसका वह चित् है, 'नश्च णश्च कश्च चिच नणकचितः तेभ्योऽन्ये' अर्थात् इनसे भिन्न जो तव्य, क्त आदि अदन्तधातुप्रत्यय भावमें विहित हैं। वे क्लीबमें हैं तिनमें धातुप्रत्यय जैसे-भवितव्य, भाव्यं, सहितं, भुक्त, नणकचित् क्यों कहा ? प्रश्न-, न्यादः, आखूत्थः, वेपथुः, नणक यह घञ्का उपलक्षण है पाकः, भावे क्यों कहा ? कर्ममे दोष होगा, जैसे-'कर्तव्यो धर्मसंग्रहः, समूह अर्थमें' जैसे-भिक्षाणा समूहो भैक्षं, गार्भिण, औपगवं, कांक, भावमें अदन्त जैसे-गोर्भावः गोत्व, शुचेर्भावः शौच, कर्मणि जैसे-शुक्लस्य कर्म शौक्ल्यम्, राज्ञः कर्म राज्य चौर्य्यं, तल् प्रत्ययको तो स्त्रीत्व कहा है, पुण्य और सुदिनशब्दसे पर विहितसमासान्त अहन् शब्द क्लीबमें है, अह्नाहान्त इस पुस्त्वका अपवाद है, पुण्याहं, सुदिनाह; सुदिन शब्द प्रशस्तार्थक है ॥ २९ ॥

क्रियाव्ययानां भेदकान्येकत्वेऽप्युक्थतोटके। चोचं पिच्छं गृहस्थूण तिरीटं मर्म योजनम् ॥ ३० ॥

क्रिया और अव्ययोंका भेदक वा विशेषण क्लीव और एकवचनमें होते हैं, क्रियाविशेषण जैसे-मन्द पच, सुखं तिष्ठन्ति योगिनः, सलीलं नृत्यन्ति बालाः, अव्यय विशेषण जैसे-रम्य स्वः सुखद प्रातः, अब कितने कठस्वरसे कहे हैं, उक्थ सामभेदः, तोटक वृत्तभेदः. चोच त्वाये फलका शेष वा तालफल, केला आदिके फलको भी कोई कहते है, मोच और खेट भी; २ पिच्छ गुच्छा वा मोरकी पोंछ वा चूडा-वा लांगूला वा शाल्मलीवृक्ष-वा परम्परा आदि, उक्तउक्थ और मुक्त, ३ गृहस्थूण, घरका खम्भा वा थून्ही, ४ तिरीट, वैठन वा शिरोभूषण, ५ मर्म, सन्धिस्थान वा हड्डियोंके जोडका स्थान, ६ योजन क्रोशचतुष्टयं वा चार कोश ॥ ३० ॥

राजसूयं वाजपेयं गद्यपद्ये कृतौ कवेः। माणिक्यभाष्यसिन्दूरचीरचीवरपिञ्जरम् ॥ ३१ ॥

१ राजसूयं और २ वाजपेय ये २ यज्ञके भेद हैं, (राज्ञा लतात्मकः सोमः सूयतेऽत्र राजसूयं, वाजं पैष्टी सुरा पीयते वा पेयमत्र वाजपेयम्), ३ गद्यं, ४ पद्यं ये कवेः कृतौ अर्थात् कविकी निश्छन्द रचनाको गद्य, और पादसमूहकी रचनाको पद्यं; कवेः कृतौ ऐसा क्यों कहा-गद्या वाक्, पद्या पद्धतिः, ५ माणिक्य, रत्नका भेद. 'मणिके मणिपूराख्ये नगरे भव माणिक्यं' ६ भाष्य पदार्थविवृति वा विवरण, (सूत्रार्थोवर्ण्यते यत्र वाक्यैः सूत्रानुसारिभिः । स्वपदानि च वर्ण्यन्ते भाष्य भाष्यविदो विदुरिति) ७ सिन्दूरं रक्त वा लालचूर्ण, ८ चीरं वस्त्रभेद, ९ चीवर मुनिवासः वा वस्त्र, १० पंजरं वा पिंजरम्-पक्ष्यादि बन्धनागार वा पिंजरा ॥ ३१ ॥

लोकायतं हरितालं विदलस्थालबाह्लिकम्।

१ लोकायतं—चार्वाकशास्त्र, २ हरितालं-धातुभेद, ३ विदलं-वांसका बना पात्रभेद, ४ स्थाल—पात्रभेद वा थार वा हांडी अन्नपात्र पाकपात्र आदि, ५ बाह्लिकं-कुंकुम वा देशभेद उस देशका उत्पन्न कुंकुम, बाह्लवम् भी, 'बह्लदेशे भवं बाह्लवं'

इति नपुंसकलिंगसंग्रहः ॥

पुन्नपुंसकयोः शेषोऽर्धर्चपिण्याककण्टकाः ॥ ३२ ॥

अब चिक्कस शब्दपर्यन्त पुंलिंग और क्लीबमें हैं उससे भिन्नशेष हैं जैसे शंख और पद्म ये दो निधिवाचक पुल्लिंग हैं, कम्बु नलिनका वाची तो पुन्नपुंसकलिङ्ग है तैसे अन्यत्र शब्द भी पर्यायबाधित हैं उसमें पर्यायसे भिन्न हैं तो पुनपुंसक लिङ्ग होते हैं, १ अर्द्धर्चः अर्द्धर्चं—आधी ऋचा वेदभाग, २ पिण्याकं-तिलकी खल, ३ कंटकः रोमहर्ष वा रोमांच ॥ ३२ ॥

मोदकस्तण्डकष्टंकः शाटकः कर्पटोऽर्बुदः । पातकोद्योगचरकतमालामलका नडः ॥ ३३ ॥

१ मोदकः—भक्ष्यभेद वा (लड्डू), २वितण्डकः—उपतापविशेष वा रोग विशेष, ३ टंकः वा तकः—अश्मदारणः वा पत्थर गढनेकी टांकी, ४ शाटकः—पटभेदः वा साड़ी प्रसिद्ध है, ५ कर्वटः वा कर्पटः, वाजे पढते हैं "खर्वटः" स्थानभेद वा वस्त्रभेद, ६ अर्बुदः—संख्याभेद वा दशकोटि, ७ पातकं-ब्रह्महत्यादि, ८ उद्योगः—उत्साह, ९ चरकः वा बरकः—वैद्यशास्त्र भेद, "करकः" यह भी पाठ है इसका स्थूलवल्क अर्थ है, १० तमालः—वृक्षभेद (तमाखू) प्रसिद्ध है, ११ आमलकः वा आमालकः—धात्रीफल वा आंवला प्रसिद्ध है, १२ नडः—भीतरी बिल वा तृणभेद ॥ ३३ ॥

कुष्ठं मुण्डं शीधु बुस्तं क्ष्वेडितं क्षेमकुट्टिमम् । संगमं शतमानार्मशम्बलाव्ययताण्डवम् ॥ ३४ ॥

१ कुष्ठं रोगभेद, पुष्कर वा कमल, २ मुण्डं—शिरः, ३ शीधु—मद्य, ४ बुस्त भूजा मांस वा कटहल आदिके फलका सार भाग—'कहीं पुस्तं वा शस्तं पाठ है कहीं चुस्तं वा तुस्तं भी पाठ है' ५ क्ष्वेडित, वीरका किया सिंहनाद, ६ क्षेमकुशल क्षेमोऽस्त्री लब्धरक्षणे' मोक्षको भी, ७ कुट्टिमं—, गचका भेद, ८ संगमं—संयोग, ९ शतमान—मानभेद, १० अर्म—अक्षिरोग, ११ शम्बलं वा सम्बलं—वर्णका भेद, १२ अव्ययं—स्वरादिनिपात वा विकाररहित, १३ ताण्डवं वा ताण्डव्यं—नाचका भेद ॥ ३४ ॥

कवियं कन्दकार्पासं पारावारं युगंधरम् । यूपं प्रग्रीवपात्रीवे यूषं चमसचिक्कसौ ॥ ३५ ॥

कवियं—तोबड़ा लगाम वा बागडोर, २ कन्दं—कमलिनीकी जड वा मूल, कहीं कर्म यह पाठ है, ३ कार्पासं—कपास वा रुई वस्त्रका कारण—आदि, ४ पारावार—वार नदी आदिके दोनों पारको क्रमसे पार और वार कहते हैं, ५ युगन्धर—कूबरं—रथके जूआके काठको पुष्ट करनेवाला काष्ठ वा पर्वत भेद आदि, ६ यूप यज्ञाङ्गभेद—अथवा यज्ञपशु बांधनेका काष्ठभेद, ७ प्रग्रीवं—द्रुमशीर्षम् वा झरोखा—मुण्डशाला खिड़की आदि, ८ पात्रीवं—पात्रीव वा यज्ञपात्रका भेद, ९ यूषं वा मापं—माण्ड यह प्रसिद्ध है, (मुद्रामलकयूषस्तु ग्राही पित्तकफे हित इति उक्तं वैद्यके) १०—चमसचिक्कसौ ये २ दो पात्रभेद हैं ॥ ३५ ॥

अर्धर्चादौ घृतादीनां पुस्त्वाद्यं वैदिकं ध्रुवम् । तन्नोक्तमिह लोकेऽपि तच्चेदस्त्यस्तु शेषवत् ॥ ३६ ॥

अर्धर्चादौ इस पुन्नपुंसकाधिकारवर्गमे घृतादिकों को पाणिनि आदिकोंने पुस्त्व आदि कहा है, वे तो वेदमे प्रसिद्ध वैदिक है इस हेतु उन्हे यहां नहीं कहा और लोकमे है तो वे शेषवत् अर्थात् उक्तसे भिन्नशेष हैं उनके समान शिष्टप्रयोगके अनुसार ग्राह्य है ॥ ३६ ॥

इति पुन्नपुंसकसंग्रहः ॥

अथ स्त्रीपुंसशेषसंग्रहः ॥

स्त्रीपुंसयोरपत्यान्ता द्विचतुःषट्पदोरगाः । जातिभेदाः पुमाख्याश्च स्त्रीयोगैः सह मल्लकः ॥ ३७ ॥

अपत्यप्रत्यय अन्तमें है जिनके वे शब्द स्त्री और पुंल्लिगमें होते है जैसे-'उपगोः, अपत्यं पुमान् औपगवः, उपगोः अपत्य स्त्री औपगवी, वैदेहः, वैदेही, गार्ग्य., गार्गी, 'द्विचतुःषट्पदोरगाः' द्विपद, चतुष्पद और षट्पदवाची और भुजगवाची जातिभेद स्त्रीपुंस है तिनमें द्विपदजातिभेद जैसे-मानुषः पुमान्, मानुषी स्त्री, गोपः पुमान् स्त्री गोपी, ब्राह्मणः ब्राह्मणी, शूद्रः शूद्रा, अजादि मानकर टाप् है, चतुष्पदभेद जैसे-'मृगः, मृगी, हयः, हयी, षट्पद भेद जैसे-भृगः भृगी, मक्षिका-मवर्खी; शिवा-सिआरी; लूता, मकरी, पिपीलिका चिउंटी, उरगः, उरगी, नागः, नागी, 'स्त्रियोगैः सह पुमाख्याः' अर्थात् स्त्री-वाचक शब्दके योगसे पुवाचक शब्द स्त्री और पुंल्लिगमें होते हैं; जैसे—इन्द्रः इन्द्राणी, मातुर्भ्राता मातुलः तस्य स्त्री मातुली, पुंसिमें वर्त्तमान मातुलः स्त्रीयोगसे स्त्रीत्वमे भी है 'शूद्रस्य स्त्री शूद्री' 'मल्लक' आदि भी स्त्री और पुंल्लिमें है, मल्लकः स्त्रीमे तो मल्लिका पुष्पवल्लिका भेद है ॥ ३७ ॥

ऊर्मिर्वराटकः स्वातिर्वर्णको झाटलिर्मनुः । मूषा सृपाटी कर्कन्धूर्यष्टिः शाटी कटी कुटी ॥ ३८ ॥

मुनिः यह भी पाठ है, यती इंगुदी-बुद्ध, पिहालवृक्षभेद, पलाश आदि, ऊर्मि-तरंग, वराटकः-कोडी, स्त्रीलिगमे वराटिका, ३ स्वातिः-नक्षत्र, ४ वर्णकः—चन्दन विलेपन, ५ झाटलिः जाटलिः वा 'पाटलिः' भी पाठ है, पलाशवृक्षके सदृश है, ६ मनुः-स्वायंभुव आदि वा मन्त्र, ७ मूषा-धातु गलानेका पात्र वा घरिआ, ८ सृपाटी-परिमाणभेद सृपाट वा स्त्री सृपाटी वा असृपाटी-रुधिरकी नदी, ९ कर्कन्धूः-बेरवृक्ष, १० यष्टिः-लाठी, ११ शाटी-पटभेद वा साडी, १२ कटिः वा कटः स्त्री० कटिः वा कटी-देहका अवयव वा कमर, १३ पुं० कुटिः, स्त्रीकुटिः वा कुटी, गृहविशेष वा पत्तोंका घर, यहां मूषा नकारान्त है ॥ ३८ ॥

इति स्त्रीपुंसशेषसंग्रहः ॥

अथ स्त्रीनपुंसकशेषः ॥

स्त्रीनपुंसकयोर्भावक्रिययोः ष्यञ्क्वचिच्च वुञ् ॥ औचित्यमौचिती मैत्री मैत्र्यं वुञ् प्रागुदाहृतः ॥ ३९ ॥

भावक्रिययोः अर्थात् भाव और कर्म अर्थमें वर्तमान ष्यञ् प्रत्यय और वुञ् कहीं स्त्री और नपु-

सकर्में वर्तते है, तिनके मध्य ध्यञ् प्रत्यय का उदाहरण जैसे—औचित्यं यह 'उचितस्य भाव औचित्यं' और 'औचिती भी' मित्रस्य कर्म मैत्र्य मैत्री वा, इसी प्रकार वार्द्धक्य, वार्द्धकी, सामग्र, सामग्री, आर्हत्यं, आर्हन्ती, उक्त प्रत्यय जो जिनमें गुणादि वुन् इस भांति पहिले कहा है, जैसे मिथुनस्य भावः कर्म वा मैथुनिका मैथुनिके भी ॥ ३९ ॥

षष्ठयन्तप्राक्पदाः सेनाछायाशाला-सुरानिशाः ॥ स्याद्वा नृसेनं श्वनिशं गोशालमितरे च दिक् ॥ ४० ॥

तत्पुरुषसमाससे षष्ठ्यन्त षष्ठी विभक्त्यन्त प्राक्पद हैं जिनके ऐसे षष्ठ्यन्त प्राक्पद सेना आदि शब्द स्त्री और नपुंसकमें होवें उदाहरण जैसे—नृणां सेना नृसेन वेति विकल्पसे नृसेना भी इतरे भिन्न पद भी इसी प्रकार उदाहरण करना चाहिये; श्वनिश, गोशालं, यवसुरं, यवसुराः, कुड्यस्य छाया कुड्यच्छाय कुड्यच्छाया वा षष्ठीबहुवचनान्तसे पूर्वपदकी छाया हो तो क्लीबमें ही होवे ऐसा पहिले दिखाया है ॥ ४० ॥

आबन्नन्तोत्तरपदो द्विगुश्चापुंसिनश्च लुप् त्रिखट्वं च त्रिखट्वी च त्रितक्षं च त्रितक्ष्यपि ॥ ४१ ॥

आबन्त उत्तरपद और अन्नन्त उत्तरपदक द्विगुसमास पुंल्लिंगमें नहीं हैं, किन्तु स्त्री नपुंसकमें होते हैं, अन्नन्त उत्तरपदका जो अन्त नकार है उसका लुक् अर्थात् लोप भी होता है, (आप्—आ—अन्) आबन्तपदका उदाहरण जैसे-त्रिखट्वं यह तिस्रः खट्वाः समाहृताः त्रिखट्वं त्रिखट्वी भी, अन्नन्तोत्तरपद जैसे-त्रयस्तक्षाणः समाहृतास्त्रितक्षः, त्रितक्षी च; तक्षन् शब्दका अन्त्य नकार लुप्त है ॥ ४१ ॥

॥ इति स्त्रीनपुंसकशेषः ॥

अथ त्रिलिंगशेषसंग्रहः ।

त्रिषु पात्री पुटी वाटी पेटी कुवल—दाडिमौ ।

पात्र आदि और दाडिम शब्दांत त्रिलिंग हैं, पात्रः पात्री पात्रम्—आदि. पुटी पुटः पुटं, वा पटः—टी—टं, पुटः मट्टीका बना डब्बा वा औषध पकानेका पात्रभेद, दूध आदिके पीनेका पात्र दोना आदि, वाटी, 'वाटः—टी—टं, रास्ता वा मार्ग, पेटः टी वा टा—टं, पेटा—टा पेटी—टी पद पेटारा वा पेटारीका नाम है, कुवलः—ली—लं उत्पल, कमल, मोती आदि, दाडिमः—मी—मं, दाडिम वृक्ष वा अनार ॥

इति त्रिलिंगशेषसंग्रहः ॥

परं लिंगे स्वप्रधाने द्वन्द्वे तत्पुरुषेऽपि तत् ॥ ४२ ॥

द्वन्द्वैकत्वका और अव्ययीभाव समासका लिंग पहिले कह चुके हैं स्वप्रधाने अर्थात् उभयपदप्रधानइतरेतराख्य द्वन्द्व समासमें और तत्पुरुष समासमें भी जो 'पर' परपदस्थलिंग है वही लिंग होता है, तहां द्वन्द्वसमासमें जैसे कुक्कुटमयूर्याविमे, मयूरीकुक्कुटाविमौ, तत्पुरुषसमासमें जैसे-धान्येनार्थो धान्यार्थः, सर्पाद्भीतिः सर्पभीतिः, सर्पभयं, वाप्यश्वः, कुलविप्रः, कुलीनविप्रः, पूज्यकुलं, विप्रकुलं, ब्राह्मणका कुल इत्यादि ॥ ४२ ॥

अर्थांताः प्राग्यल प्राप्तापन्न पूर्वाः परोपगाः। तद्धितार्थो द्विगुः संख्यासर्वनामतदन्तकाः ॥ ४३ ॥

उक्त तत्पुरुषके लिंगका अपवाद कहा है, अर्थ इस पदसे, अर्थांताः अर्थात् अर्थ शब्द है अन्तमें जिनके वे परोपगाः परगामी वाच्यलिंग हैं, अर्थ जैसे-द्विजायायं द्विजार्थः सूपः, द्विजार्था यवागूः, द्विजार्थं पयः, ब्राह्मणार्थः—र्था—र्थं 'अर्थेन नित्यसमासोविशेष्यलिंगताचेतिवक्तव्य—यह वार्तिक भी है (प्राग्यलंप्राप्तापन्नपूर्वाःपरोपगाः) पार विशेष्यको जाते हैं यह अर्थ है, प्रादि पूर्व जैसे अतिक्रांतो मालामतिमालो हारः,अतिक्रांता मालामतिमालेयम् । अतिमालमिदं, अवघृष्टः कोकिलया अवकोकिलः । अलपूर्वपद जैसे-अल कुमार्ये इत्यलंकुमारिरय, अलकुमारिरियम्, अलकुमारि इदम्, अलब्धजीयिकः, का-कं,प्राप्तजीविको द्विजः प्राप्तजीविका स्त्री, प्राप्तजीविकमिदं, इसी प्रकार, आपन्न जीविक, 'तद्धितार्थो द्विगुः' अर्थात् तद्धित अर्थमे द्विगुसंज्ञक समास वाच्यलिंग हैं, पचकपालः—ला, पुरोडाश सख्याशब्द सर्वनामसंज्ञक और तदन्त भी परलिंगभावि हैं, संख्या जैसे एकः पुमान्, एक कुलं, द्वौ पुमांसौ, द्वे स्त्रियौ, कुले च, त्रयःपुरुषाः तिस्रःस्त्रियः, त्रीणि कुलानि, एव चत्वारः चतस्रः चत्वारि षट्संज्ञकोंको कहते हैं.विंशति आदिकोंका लिंग द्वितीय कांडमें कह चुके है, और शत आदिकोंका तो नपुंसकके संग्रहमें कह चुके है। सर्वनाम जैसे-सर्वो देशः सर्वा नदी सर्वं जल इसी प्रकार परःपुमान् 'सख्यान्तक जैसे ऊनत्रयः। ऊनतिस्रः ऊनत्रीणि' सर्वनामान्त जैसे-परमसर्वः परमसर्वा परमसर्वम् ॥ ४३ ॥

बहुव्रीहिरदिङ्नाम्नामुन्नेयं तदुदाहृतम् । गुणद्रव्यक्रियायोगोपाधयः परगामिनः ॥ ४४ ॥

अदिङ्नाम्नाम् अर्थात् दिशावाचक शब्दसे भिन्न नामवालोंका बहुव्रीहि समासमें अन्यलिंग होता है इसके उदाहरण आपसे आप विचारना चाहिये जैसे 'वृद्धा भार्या यस्य स वृद्धभार्यः' बहुधनः बहुधाना बहुधन अदिङ्नाम्ना ऐसा क्यों कहा? दक्षिणस्याः पूर्वस्याश्च दिशोरन्तराल दक्षिणपूर्वा गुणयोगसे द्रव्ययोगसे और क्रियायोगसे जो उपाधि अर्थात् विशेषण है उनके धर्ममें जो प्रवृत्त शब्द हैं वे धर्मिके लिंगयोग होवै, गुणयोगसे जैसे-शुक्लः पटः शुक्ला शुक्ल गन्धवती पृथ्वी गन्धवान् अश्मा, गन्धवत् कुसुमं, द्रव्यके योगसे जैसे-दण्डी दंडिनी स्त्री, दंडि कुल क्रियायोगसे जैसे याचक, याचिका; याचकम् आदि ॥ ४४ ॥

कृतःकर्तर्यसंज्ञायां कृत्याः कर्तरि कर्मणि । अणाद्यन्तास्तेन रक्ताद्यर्थे नानार्थभेदकाः ॥ ४५ ॥

असंज्ञामें जहां कर्ता अर्थमे कृत्संज्ञक प्रत्यय है वे वाच्यलिंग हैं, जैसे-करोतीति कर्ता पुमान् । कर्त्री स्त्री । कर्तृ कलत्रं कुर्वन्, ती-त्, असंज्ञादयः क्यों कहा प्रजा हरिः, कर्तरि क्यों कहा कृतिः, कर्म अर्थमें और कर्ताअर्थमें वर्तमान कृत्य प्रत्यय परगामी होते हैं, कर्ममें जैसे भव्यः (तरुः)—व्या व्य, गन्तव्यः (ग्रामः)—व्या—व्यं, कर्तव्या भक्तिः कर्तामें जैसे बसतीति वास्तव्योऽयं वास्तव्या सा वास्तव्यं तत्, कर्तरि कर्मणि क्यों कहा; भाव अर्थमें तो एधितव्य त्वया तेन रक्त इस इत्यादि

अर्थमें अणु आदि तद्धितप्रत्ययान्त और नाना अर्थके कहने वाले वा अनेकार्थके विशेषभूत विशिष्ट होनेसे वाच्यलिंग हैं. जैसे कुसुम्भेन रक्ता शाटी कौसुम्भी कौसुम्भः पटः कौसुम्भं वासः, हेमः–हैमी मं, ऐन्द्र–द्री–न्द्र 'तेन रक्तं रागात्' इससे अणु होता है और रक्तार्थ इसके आदि शब्दसे मथुरायां आगतोऽयं माथुरोऽयं वा माथुरोयं आदि अणा-द्यन्ता इस इत्यादि पदसे ग्रामे भवः ग्राम्यः पुमान् ग्रामे भवा ग्राम्या स्त्री आदि, यहां यत् प्रत्यय होता है ॥ ४५ ॥

षट्संज्ञकास्त्रिषु समा युष्मदस्मत्तिङ-व्ययम् । परं विरोधे शेषं तु ज्ञेयं शिष्टप्र-योगतः ॥ ४६ ॥

षट्संज्ञक अर्थात् षान्त और नान्त ता संख्या, तथा कतिशब्द भी त्रिषु समा वा तीनों लिंगोंमें तुल्य होते हैं और नित्य ही बहुत्व अर्थमें वर्तमान हैं इस कारणसे बहुवचनान्त हैं जैसे–षडिमे,षडिमाः षडिमानि, पञ्चभिरेताभिः कति पुमांसः कति स्त्रियः कति कुलानि, युष्मद् और अस्मद् शब्द तथा तिङन्तपद और अव्ययवाचक शब्द ये सब त्रिलिङ्ग और समान हैं, युष्मद् शब्द जैसे–त्वं स्त्री त्वं पुमान् त्वं कलत्रं; अस्मद् शब्द जैसे–आवां पुमांसौ आवां स्त्रियौ; आवां कलत्रे; तिङ जैसे–स्थाली भवति, घटो भवति,पात्रं भवति.इसी प्रकार दाराः भवन्तीत्यादि अव्यय जैसे–उच्चैः दाराः उच्चैः स्त्री उच्चैः कलत्रम् उच्चैः प्रासादः इत्यादि, पर-विरोधे–विप्रतिषेधे वा विधियोंके परस्पर–विरोधमें परलिङ्गानुशासन होता है, जैसे–मानुष शब्दके ष-ण भ-म-र-इस प्रागुक्तविधिसे पुंस्त्व ही प्राप्त था, द्विचतुः षट्पद इस उपरोक्त स्त्रीपुंसविधिका निश्चय किया है जैसे–मानुषोऽयं, मानुषीयं;शेष जो नहीं कहा गया नाम आदि वह शिष्ट महाकविप्रयोगऔर भाष्य-कार आदिके प्रयोगसे जानना चाहिये, यहां अनुक्त-शब्दोंके लिंग शिष्टप्रयोगसे जानने योग्य हैं, लिंग-विधायक शास्त्र न करना चाहिये क्योंकि लिङ्गज्ञान लोक वा प्रयोगसे जान पड़ता है यह भाष्यकारका मत है ॥ ४६ ॥

इति लिंगादिसंग्रहवर्गः ॥ ५ ॥

इत्यमरसिंहकृतौ नामलिंगानुशासने । सामान्यकाण्डस्तृतीयस्सांग एव सम-र्थितः ॥ ४७ ॥

इस प्रकार अमरसिंहकृतनामलिङ्गानुशा-सनमें सामान्य तृतीयकाण्ड सांगनिरूपण करा ॥ ४७ ॥

इति श्रीगुरुप्रसादात्मजवात्स्य पंडितरामस्वरूप-कृतभाषाटीकासहितः नामलिङ्गानुशासने सामान्यकाण्डस्तृतीयः समाप्तः ।

इत्यमरकोशः सम्पूर्णः ।